राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 विराट कोहली ने फिर लगाए मैदान...

हिमाचल में उपचुनाव के नतीजों पर... 12

वर्ष : 11 | अंक : 311 | पटना, रविवार, 24 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C
न्यूनतम तापमान 22°C

**बाजार**

सोना 68,255

चांदी 78,700

सेंसेक्स 72,832

निफ्टी 22,096

## बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष ने जारी किये परिणाम, कहा- रिजल्ट देने में बिहार ने एक बार फिर रचा इतिहास

# इंटरमीडिएट के नतीजे घोषित, 87 प्रतिशत से अधिक परीक्षार्थी हुए पास

## साइंस में मृत्युजंय 96.20 फीसदी, आर्टस में तुषार 96.40 फीसदी व कॉमर्स में प्रिया ने 95.60 फीसदी अंक लाकर बनी टॉपर

प्रात : किरण

पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस साल 87.21 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने परीक्षाफल जारी करते हुए कहा कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 12,91,684 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 11,26,439 परीक्षार्थी पास हुए, यानी 87.21 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। उन्होंने बताया कि कला संकाय में जहां 86.15 फीसदी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, वहीं वाणिज्य संकाय में 94.88 तथा विज्ञान संकाय में 87 फीसदी से अधिक परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। किशोर ने बताया कि इस वर्ष जहां छात्राओं के पास होने का प्रतिशत 88 फीसदी से ज्यादा रहा, वहीं छात्रों के पास होने का प्रतिशत 85.69 रहा। किशोर ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में इस साल पास होने का प्रतिशत सबसे अधिक है। पिछले वर्ष 83.73 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उठाए गए कदमों का परिणाम है कि पास होने वालों का प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में सीवान के मृत्युंजय कुमार 96 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर प्रदेश में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी बने, वहीं कला संकाय में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर तुषार प्रदेश टॉपर रहे। वाणिज्य संकाय में प्रिया कुमारी 95.6 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर रहीं। साइंस टॉपर मृत्युंजय कुमार को 481 नंबर मिले हैं। कॉमर्स टॉपर शेखपुरा की रहने वाली प्रिया कुमारी को 478 अंक हासिल हुए हैं। वहीं आट्र्स टॉपर पटना के कॉमर्स कॉलेज के स्टूडेंट तुषार को 482 अंक मिले हैं।

12वीं के साइंस संकाय में छपरा की रहने वाली सिमरन गुप्ता सेकेंड टॉपर बनी हैं। सिमरन को 477 अंक मिले हैं। सीतामढ़ी के रहने वाले वरुण कुमार थर्ड साइंस टॉपर बने हैं। वरुण ने भी 477 अंक हासिल किए हैं। पटना के सौरव कुमार कॉमर्स के सेकेंड टॉपर बने हैं। सौरव को 470 अंक मिले हैं। पटना के ही गुलशन कुमार कॉमर्स के थर्ड टॉपर बने हैं, जिन्हें 469 अंक मिले हैं। आट्र्स संकाय में पटना की रहने वाली निशी सिन्हा सेकेंड टॉपर बनी हैं। निशी ने 473 अंक हासिल किया है जबकि पटना की रहने वाली तनु कुमारी 472 अंक के साथ आट्र्स की थर्ड टॉपर बनी हैं। इसके साथ साइंस टॉपर्स की लिस्ट में टॉप फाइव में जगह बनाने वालों में 11 छात्र-छात्राएं शामिल हैं जबकि आट्र्स में टॉप फाइव में पांच छात्र-छात्राएं हैं। टॉप तीन में जगह बनाने वाले तीनों स्टूडेंट पटना के रहने वाले हैं। कॉमर्स संकाय में टॉप फाइव में आठ छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है।

अध्यक्ष आनंद किशोर ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 12वीं का रिजल्ट, टॉपर्स लिस्ट, जिलावार पास हुए छात्रों की संख्या और जेंडर वाइज रिजल्ट की डिटेल्स दी है। इस बार बिहार बोर्ड के तरफ से जो आकड़ा दिया गया है उसमें साइंस में फर्स्ट डिविजन से पास करने वालों की संख्या -325848 है आट्र्स में फर्स्ट डिविजन से पास करने वालों की संख्या - 173823 है और कॉमर्स में फर्स्ट डिविजन से पास करने वालों की संख्या- 25157 है। दरअसल, बिहार बोर्ड 12वीं की परीक्षा 01 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित की गई थी। इस बार करीब 13 लाख छात्र-छात्राएं बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए थे।









आनंद किशोर (अध्यक्ष बीएसईबी) | मृत्युंजय | तुषार | प्रिया

### स्क्रूटिनी व कंपार्टमेंटल के फॉर्म का आवेदन 28 मार्च से

बिहार बोर्ड की ओर से इंटर रिजल्ट संवाददाता सम्मेलन में जारी किया गया। इस दौरान बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि 28 मार्च 2024 से इंटर स्क्रूटिनी और बिहार बोर्ड इंटर कंपार्टमेंटल परीक्षा 2024 के लिए आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। जिन छात्रों के कुछ विषयों में नंबर कम आए हों या एक-दो विषय में फेल हों वे अब अगले सप्ताह 28 मार्च से इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। स्क्रूटिनी व कंपार्टमेंट परीक्षा के फॉर्म स्कूल प्रधान के माध्यम से भराए जाएंगे। बिहार बोर्ड ने कहा कि विशेष परीक्षा और कपार्टमेंट परीक्षा अलग-अलग होंगी।

### साइंस व आर्टस में लड़का तो कॉमर्स में लड़की बनी टॉपर

पटना। बिहार बोर्ड इंटर के तीन में से दो संकायों में लड़कों ने टॉप किया है। बिहार बोर्ड 12वीं साइंस में मृत्युंजय कुमार 481 अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं बिहार बोर्ड इंटर आट्र्स में तुषार कुमार ने 482 अंकों के साथ टॉप किया है। हालांकि इंटर कॉमर्स में प्रिया कुमारी ने 478 अंकों मे साथ सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कला में पहली रैंक | तुषार कुमार | पटना | 482 | 96.40% |
| विज्ञान में पहली रैंक | मृत्युंजय कुमार | सीवान | 481 | 96.20% |
| वाणिज्य में पहली रैंक | प्रिया कुमारी | शेखपुरा | 478 | 95.60% |

### साइंस में 87.80 फीसदी, आर्टस में 86.15 फीसदी तो कॉमर्स में 94.88 फीसदी छात्र सफल

पटना। इंटरमीडिएट के विज्ञान संकाय में कुल 6,17,334 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें कुल 3,95,069 छात्र तथा 2,22,265 छात्राएँ हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के विज्ञान संकाय में कुल 3,25,848 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 2,09,705 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 6,455 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार, विज्ञान संकाय में कुल 5,42,008 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो इस संकाय की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों का 87.80 प्रतिशत है।

**कला संकाय :** वहीं कला संकाय में कुल 6.34,480 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें कुल 2.47.908 छात्र तथा 3,86,572 छात्राएँ हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के कला संकाय में कुल 1,73,823 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 2.84.454 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 88.344 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार, कला संकाय में कुल 5,46,621 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो इस संकाय की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों का 86.15 प्रतिशत है।

**वाणिज्य संकाय:** जबकिवाणिज्य संकाय में कुल 39,658 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें कुल 26,338 छात्र तथा 13,320 छात्राएँ हैं। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2024 के वाणिज्य संकाय में कुल 25,157 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में, 10,678 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 1.794 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इस प्रकार, वाणिज्य संकाय में कुल 37,629 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जो इस संकाय की परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों का 94.88 प्रतिशत है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी ने लोहिया व स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया को उनकी 114वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए शनिवार को कहा कि वह स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के बाद स्वतंत्र भारत में राजनीति के एक स्तंभ थे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स लिखा कि लोहिया को उनके मजबूत समाजवादी विचारों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में जन्मे लोहिया को पारंपरिक रूप से वंचित समुदायों के सशक्तीकरण पर केंद्रित राजनीति को आकार देने और उस समय प्रमुख दल कांग्रेस के खिलाफ विपक्षी ताकतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है। मोदी ने एक अन्य पोस्ट में क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें लाहौर षड्यंत्र मामले में उनकी भूमिका के लिए अंग्रेजों ने फांसी दे दी थी। मोदी ने शहीद दिवस पर तीनों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, देश मां भारती के इन सच्चे सपूतों के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद करता है। इन तीनों क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए हाथ मिलाया था। सिंह ने अप्रैल 1929 में सेंट्रल असेंबली में बम फेंका था। बम फेंकने का उद्देश्य किसी को मारना नहीं बल्कि अपना विरोध दर्ज कराना था। इन तीनों को आज ही के दिन 1931 में फांसी दे दी गई थी। उस समय उन तीनों की उम्र 25 वर्ष से कम थी।

### झारखंड मे बस-ट्रक के बीच टक्कर में पांच की मौत

रांची। झारखंड के लोहरदगा जिले में कुडू के पास शुक्रवार रात बारातियों से भरी बस और हाइवा ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में तीन बच्चे शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल करीब एक दर्जन लोगों को इलाज के लिए रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया है। बारातियों से भरी बस रांची के बोड़ेया से गुमला के विशुनपुर लौट रही थी। रात करीब दस बजे कुडू में टाटी चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की बस से सीधी भिड़ंत हो गई। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। हालांकि, तब घायलों को बस से निकालकर इलाज के लिए लोहरदगा और रांची भेज दिया गयाा।

## निर्माणाधीन पुल गिरने के मामले में विशेष टीम करेगी जांच : विजय

प्रात : किरण



पटना। बिहार के सुपौल जिले में शुक्रवार को निमाणार्धीन पुल के गिरने के मामले की जांच एक विशेष टीम करेगी। बिहार के उप मुख्यमंत्री और पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शनिवार को कहा कि हादसे के बाद हमारी बात केंद्र सरकार के मंत्री से भी हुई है और उनके द्वारा जांच के लिए पुल विशेषज्ञों की एक विशेष टीम भेजी गई है। सिन्हा ने कहा कि हमने भी बिहार सरकार की तकनीकी टीम भेजी है, जिससे इस घटना की पूरी तरह से जांच हो सके और पूरी जानकारी निकल कर सामने आये। उन्होंने आगे बताया, मैं व्यक्तिगत तौर पर भी वहां जाने के लिए इच्छुक था, लेकिन चुनाव आचार संहिता के तहत वहां जाने की अनुमति नहीं मिल पाई। मंत्री ने भरोसा देते हुए कहा कि जांच टीमों द्वारा दी जाने वाली रिपोर्ट के आधार पर उसकी समीक्षा की जायेगी और आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। शुक्रवार को सुपौल जिले में कोसी नदी पर बन रहा बकौर पुल का एक बड़ा हिस्सा टूट कर नीचे गिर गया। इस घटना में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए।

## पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने चुनाव नहीं लड़ने का किया एलान

प्रात : किरण



पटना। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने भी इस बार का आम चुनाव नहीं लड़ने का एलान किया है। श्रीमती कुमार ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने ाकी घोषणा की। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया, 2024 के आम चुनाव में मैंने नहीं लड़ने का निर्णय किया है। मैं अपने देश के लोगों, विशेषकर गरीब, वंचित वर्ग और महिलाओं की सेवा हमेशा करती रहूंगी। गौरतलब है कि श्रीमती मीरा कुमार दो बार बिहार के सासाराम (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह सासाराम से 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुई थीं। 2004 में वह केंद्रीय मंत्री और 2009 में देश की प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं लेकिन 2014 और 2019 में वह सासाराम में भाजपा उम्मीदवार छेदी पासवान से हार गईं। उनके पिता जगजीवन राम 1952 के प्रथम चुनाव से 1986 तक सासाराम लोकसभा से लगातार आठ बार सांसद रहे थे। बता दें कि मीरा कुमार देश की पहली महिला स्पीकर होने का गौरव हासिल है। इसके साथ ही 2017 के राष्ट्रपति के चुनाव में वह यूपीए की उम्मीदवार भी रही थीं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उस दौरान रामनाथ कोविंद विजय होकर देश के राष्ट्रपति बने थे। मीरा कुमार ने 1985 में बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में मायावती और रामविलास पासवान को पराजित कर पहली बार संसद में कदम रखा इसके बाद हुए चुनाव में वह बिजनौर से हार गईं। इसके बाद उन्होंने अपना क्षेत्र बदला और 11वीं तथा 12वीं लोकसभा के चुनाव में वह दिल्ली के करोलबाग संसदीय क्षेत्र से विजयी होकर फिर संसद पहुंचीं।

## नामांकन भरने से पहले पूर्व सीएम मांझी गए भगवान श्रीराम की शरण में

प्रात : किरण

पटना/एजेंसी। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक जीतन राम मांझी गया के चुनावी समर में उतरने से पहले भगवान श्री राम की शरण में पहुंचे हैं। शनिवार को वे अयोध्या में भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए रवाना हुए। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि रामलला दर्शन के लिए निकल चुका हूं, अगली मुलाकात अयोध्या में होगी। जय श्री राम। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत गया सीट हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के कोटे में गई है। मांझी खुद यहां से चुनाव लड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को अयोध्या जा रहे हैं और वहां पूजा करने के बाद 28 मार्च को गया लोकसभा सीट से नामांकन करेंगे। मांझी ने अयोध्या मन्दिर निर्माण को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा था कि आज अयोध्या बन गया है। रामलला के विराजमान होने से अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल बन गया है। वहां लाखों लोगों को रोजगार मिलने जा रहा है।

### मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी चीन से लाया गया भारत

मुंबई/नई दिल्ली। कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद विट्ठल पुजारी को मुंबई पुलिस चीन से वापस मुंबई ले आई। कई वर्षों से फरार चल रहे पुजारी के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। पुलिस के मुताबिक प्रसाद पुजारी 2008 से चीन में अस्थायी निवास वीजा पर रह रहा था। भारतीय एजेंसियों की पकड़ से बचने के लिए पुजारी ने एक चीनी महिला से शादी भी कर ली थी। चीन उसे मुंबई पुलिस को सौंपने के लिए सहमत हो गया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों की एक टीम 44 वर्षीय पुजारी को शनिवार सुबह फ्लाइट से लेकर मुंबई पहुंची और उसे लॉक-अप में ले जाया गया। कुमार पिल्लई गिरोह का सदस्य पुजारी कई गंभीर अपराधों के मामलों में फरार था।

## मुंबई लाए गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरे, नौसेना ने किया पुलिस के हवाले

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। अरब सागर में भारतीय नौसेना के एक अभियान के दौरान पकड़े गए 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को शनिवार सुबह आईएनएस-कोलकाता से मुंबई लाया गया। नौसेना ने इन्हें मुंबई पुलिस के हवाले कर दिया है। यह कार्रवाई ऑपरेशन संकल्प के तहत की गई। इस अभियान के तहत नौसेना के जहाजों को अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना के मुताबिक 14 दिसंबर को सोमालियाई समुद्री लुटेरों ने माल्टा के जहाज को हाईजैक कर लिया था। उसको बचाने के लिए 15 मार्च को भारतीय नौसेना का हेलिकॉप्टर उसके करीब पहुंचा था। इस दौरान समुद्री लुटेरों ने हेलीकॉप्टर पर फायरिंग शुरू कर दी थी। नौसेना ने लुटेरों से सरेंडर करने को कहा था। 16 मार्च को इन लुटेरों ने नौसेना के समक्ष सरेंडर कर दिया। इस अभियान में भारतीय नौसेना को माल्टा के जहाज के चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित बचाने में सफलता मिली थी। नौसेना के मुताबिक उनकी कार्रवाई के दौरान 35 समुद्री लुटेरों ने सरेंडर कर दिया और 17 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाला गया।

## देश में सभी मुद्दों का समाधान मध्यस्थता से निकाला जाता रहा है: न्यायमूर्ति मित्तल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पंकज मित्तल ने कहा है कि धार्मिक हों या राष्ट्रीय मुद्दे, देश में उनका समाधान मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) के जरिये निकाला जाता रहा है। न्यायमूर्ति मित्तल ने शनिवार को यहां महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज की ओर से आयोजित जस्टिस जे एस वर्मा मेमोरियल वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) प्रतियोगिता में कहा कि अब न्याय क्षेत्र में भारतीयता के अनुरूप बदलाव हो रहे हैं। आम जन को न्याय अब उनकी भाषा में सुलभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो युवा एडीआर के क्षेत्र में अपनी सेवा देने का इरादा रखते हैं, उनके लिये आने वाला समय बहुत बड़ा अवसर है, पर इसके लिये हमें बहुत ही समर्पित कानूनी पेशेवर चाहिये। उन्होंने मेम्स द्वारा आयोजित सात दिवसीय लॉ फेस्ट की सराहना की और कहा कि यहां युवाओं को लॉ क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिये जाते हैं। उन्होंने न्यायालय में वकील और न्यायाधीश के बीच में संवाद पर कहा कि कई बार मामले की सुनवाई में ऐसा होता है कि वकील सीमा लांघ जाते हैं।

## देश को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी मिलकर काम करें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विश्व क्षय रोग दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कहा कि यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व को याद दिलाने का काम करता है। उन्होंने भारत को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने हर साल 24 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व क्षय रोग (टीबी) दिवस की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा है कि मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि क्षयरोग के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य लोगों को टीबी के वैश्विक प्रभाव के बारे में जागरूक करना, बीमारी को नियंत्रित करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे निपटने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है। यह दिन टीबी की शीघ्र पहचान, उपचार और रोकथाम के महत्व की भी याद दिलाने का काम करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं सभी से क्षयरोग मुक्त भारत बनाने के लिए मिलकर काम करने और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आग्रह करती हूं।

**उपलब्धियां** एडमिरल ने ऑपरेशन संकल्प के 100 दिन पूरे होने पर नौसेना की गिनाईं अहम उपलब्धियां

## महासागरों में समुद्री डकैतियों को हर हाल में रोकेगी नौसेना : हरि

- भारतीय समुद्री क्षेत्र सुरक्षित होने तक हौथी विद्रोहियों और सोमालियाई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में फिर से समुद्री डाकुओं की गतिविधियां बढ़ने पर चिंता जताई है। उद्योग के रूप में उभरी समुद्री डकैतियों को रोकने के लिए नौसेना ने समुद्र की गहराई में ह्यऑपरेशन संकल्पह्न चलाया है, जिसके सौ दिन पूरे होने पर उन्होंने कहा कि भारतीय समुद्री क्षेत्र सुरक्षित होने तक नौसेना हौथी विद्रोहियों और सोमालियाई डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई करना जारी रखेगी। दिल्ली में नवनिर्मित मुख्यालय नौसेना भवन में पहली बार मीडिया को संबोधित करते हुए एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि यह अत्याधुनिक भवन नौसेना की आधुनिक कहानी को भी बयां करता है। यह भवन नए भारत की नई नौसेना का भी प्रतीक है। पूरे परिसर के वास्तुशिल्प डिजाइन को अखिल भारतीय स्तर पर कठिन प्रतिस्पर्धा के माध्यम से चुना गया था। नौसेना ने अपना पहला स्वतंत्र मुख्यालय दिल्ली में स्थापित किया है। इससे पहले नौसेना 13 अलग-अलग स्थानों से संचालित होती थी। केंद्रीय और तकनीकी रूप से उन्नत मुख्यालय के निर्माण में आधुनिक सुविधाओं और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। उन्होंने इजराइल-हमास संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि इसके बाद से ही भारत से घिरे समुद्री क्षेत्र में पिछले साल दिसंबर से डकैतियों और विदेशी जहाजों के अपहरण की घटनाएं बढ़ी हैं। ड्रोन रोधी, मिसाइल रोधी और समुद्री डकैती रोधी हमलों के खिलाफ भारतीय नौसेना के ऑपरेशन संकल्प के सौ दिन पूरे होने पर उन्होंने मीडिया से जानकारी साझा की। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हालांकि इस दौरान समुद्री डाकुओं ने किसी भी भारतीय जहाज को निशाना नहीं बनाया लेकिन हौथी विद्रोही इजराइल से जुड़े व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे थे। वे यूके और यूएस जैसे पश्चिमी देशों के झंडे वाले जहाजों को भी निशाना बना रहे हैं। नौसेना प्रमुख ने बताया कि हमने यह ऑपरेशन इसलिए चलाया है, क्योंकि अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में हौथी विद्रोहियों के निशाने पर आने वाले विदेशी व्यापारिक जहाजों में से अधिकांश पर भारतीय चालक दल हैं। एडमिरल हरि कुमार ने समुद्री डकैती अधिनियम-2022 के बारे में बताया कि इसने भारतीय नौसेना को समुद्री डाकुओं के जहाजों को कब्जे में लेने, उन पर चढ़ने और उनकी खोज करने में सक्षम बना दिया है। हमने ऑपरेशन संकल्प के तहत एंटी पाइरेसी, एंटी मिसाइल और एंटी ड्रोन ऑपरेशन के लिए पूरे क्षेत्र में 10 युद्धपोत तैनात किए हैं। इनका कार्य व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित रूप से तटों तक पहुंचने के लिए सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करना है। हमारे जहाज वहां तैनात हैं, जहां से वे पहले उत्तरदाता के रूप में हमलों या घटनाओं का जवाब दे सकते हैं। एक सवाल के जवाब में एडमिरल हरि कुमार ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में बुल्गारिया के ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी रुएन का सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने कब्जे में लिया था, जो 2017 के बाद से देश के तट से किसी जहाज का पहला सफल अपहरण था।

# राजधानी सहित पूरे प्रदेश में होली की धूम,बाजारों में रौनक

- रंग-गुलाल, पिचकारी और मुखौटों से सज चुका है बाजार
- होलिका दहन 24 मार्च और 26 को मनायी जायेगी होली



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

रंगो के त्योहार होली को लेकर बिहार की राजधानी पटना के बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। पटना में होली का बाजार रंग-गुलाल, पिचकारी और मुखौटों से सज चुका है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च और होली 26 को मनायी जायेगी। होली को लेकर राजधानी पटना के बाजारों में काफी रौनक देखने को मिल रही है। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में रंग-बिरंगे अबीर एवं गुलाल की धूम है। पिचकारी, कपड़े, किराना सामान, मेवा की खरीददारी तेज है। होलिका दहन की पूजा के लिए भी पूजन सामग्री की भी खरीदारी लोग कर रहे हैं ।होली के दौरान उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री से भी बाजार भरे-पड़े हैं। बच्चों के लिये तरह-तरह के मैजिक गुलाल गन एवं इंडियन पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाले रंग-बिरंगे मास्क उपलब्ध हैं। इसमें छोटा भीम, एवेंजर, स्पाइडर मैन, हल्क और घोस्ट, बार्बी डॉल्स, मोनो फिश, आयरन मैन, बैटमैन, रोबोट, कैप्टन अमेरिका वाले मास्क मुख्य हैं। होली बाजार में सेलिब्रिटी वाले विग भी खूब बिक रहे हैं, जिसकी कीमत 50 रुपये से लेकर 1600 रुपये तक है। बाजार में कलरफुल फॉग भी उपलब्ध हैं, इसमें सातो रंग एक साथ उड़ता है। पिचकारी बाजार में चीन के साथ ही देशी उत्पाद भी सजाए गए हैं। ग्राहकों की भीड़ से बाजारों में बढ़ी रौनक से कारोबारी उत्साहित हैं। बच्चे से युवक तक हर कोई अपनी पसंद की पिचकारी ले रहे हैं। चीन निर्मित पिचकारियों से बाजार पट गया है। हर आकर की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। आरारोट एवं हर्बल सुगंधित गुलाल एवं अबीर की कई वैरायटी बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध है। राजधानी के लोग अब काफी ज्यादा स्वास्थ्य के प्रति सजग हुए हैंए यही वजह है कि होली में केमिकल वाले रंगों और गुलाल की जगह प्राकृतिक और हर्बल रंग-गुलाल की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। ग्राहकों की पहली पसंद हर्बल एवं सुगंधित गुलाल है। भारी डिमांड को देखते हुए बाजार में विभिन्न कंपनियों के हर्बल रंग व गुलाल उपलब्ध है। सेहत को लेकर सचेत पटनावासी जमकर हर्बल गुलाल और रंग की खरीदारी कर रहे हैं। बाजार में मलिंगा, कैक्टरीना, साधु-संत, हिरोइन के स्टाइल के बाल, मुर्गा बाल एवं लड़की बाल के साथ पंजाबी दाढ़ी जटा एवं जोकर शैली के कृत्रिम बाल उपलब्ध है। बाजार में अमेरिकन टोपी, रबड़ टोपी, मल्टी टोपी, नवाब टोपी एवं कपड़ा टोपी के साथ कई टोपी उपलब्ध है। होली को लेकर पटना में कपड़ों का बाजार भी सज गया है। होली त्यौहार को लेकर व्यापारी नए-नए डिजाइनर कपड़ों को काउंटर पर लगा रहे हैं। शहर के प्रमुख बाजार और मॉल में लोगों की खासी भीड़ देखी जा रही है। होली के अवसर पर लोग कुर्ता-पायजामा की खरीदारी खूब कर रहे है। बाजार में सिर्फ रेडीमेड ही नहीं, बल्कि महिलाएं कपड़े खरीद कर सिलवाने में भी आगे हैं। नए कपड़ों का क्रेज महिलाओं और बच्चों के साथ-साथ पुरुषों में भी दिख रहा है। ट्राउजर एवं फार्मल शर्ट के अलावा फैंसी कुर्ता और शेरवानी की मांग ज्यादा बढ़ी है। युवा वर्ग स्किन टाइट जींस ज्यादा पसंद कर रहा है। होली का पर्व नजदीक आने के साथ ही मिठाई की दुकानों पर पकवान भी सजने लगे हैं। सामान्य और मीठी के साथ कैसर वाली गुझियां भी लोगों के मन को भा रही हैं। पांच सौ रुपए से लेकर दो हजार तक के गिफ्ट पैक भी बाजार में पहुंच गए हैं। होली पर सामान्य रूप से गुझियों और नमकीन पकवानों का ही चलन है। इसमें नवीनता आई है और बाजार में नमकीन और बिस्किट के आकर्षक पैक भी पहुंच गए हैं।

# कमिटमेंट और गारंटी वाली पार्टी है भाजपा : सम्राट

## लोजपा रा नेता राजीव ठाकुर सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

- प्रदेश अध्यक्ष ने कहा - मोदी सपना पूरा करने वाले नेता



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को आयोजित मिलन समारोह में लोजपा (रा) के प्रदेश महासचिव सह विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रत्याशी राजीव कुमार ठाकुर तथा मुखिया श्रवण ठाकुर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इन सभी लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया। इस मिलन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा कमिटमेंट और गारंटी वाली पार्टी है। भाजपा जो कमिटमेंट करती है उसे वह गारंटी के साथ पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि 75 साल पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक भारत का सपना देखा था और जब पूर्ण बहुमत की मोदी जी की सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 उखाड़ फेंक दिया गया। जब देश में गरीबों के लिए पक्के के मकान बनाए जा रहे थे तो 500 साल से इंतजार कर रहे प्रभु श्रीराम को भी भव्य मन्दिर में स्थापित किया गया। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह कर देती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने जो भी कमिटमेंट किया वह पूरा भी किया। 2014 में 530 संकल्प लिया गया था, जिसमे से 529 संकल्पों यानी 99 प्रतिशत पूरा किया। 2019 के चुनाव के दौरान 234 संकल्प लिए जिसमे से अभी तक 222 पूरा हो गए थे। हाल में ही सीएए लागू कर 223 संकल्पों को पूरा कर दिया। भाजपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि जब महिलाओं को आरक्षण दिया गया तब कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि यह सपना उनके नेताओं ने देखा था। श्री चौधरी ने कहा कि मोदी सपना पूरा करने वाले नेता है। जिसने भी सपने देखे उसे वे पूरा कर रहे है। दूसरे के परिवारों के सपने पूरा करने में प्रधानमंत्री लगे है। मोदी जी सभी परिवारों को जोड़कर देश को श्रेष्ठ बनाना चाहते है। उन्होंने बिना किसी के नाम लिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए कहा कि माफियाओं पर कार्रवाई होगी तो परेशानी तो होगी ही। जब मुख्यमंत्री थे तो लोग चारा खा गए। जब रेल मंत्री बने तो नौकरी खा गए। उन्होंने भाजपा में आए लोगों का फिर से स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मजबूत इरादे से बिहार की 40 में से 40 सीट और देश में 400 पार करना है। आज लोगों का भरोसा मोदी जी के साथ है। इस मौके पर लोकसभा चुनाव प्रबन्धन समिति के संयोजक सह एमएलसी डॉ राजेंद्र गुप्ता, मंत्री नीतीश मिश्रा, महामंत्री मिथिलेश तिवारी, राजेश वर्मा, ललन मंडल सहित कई लोग शामिल थे।

# भाजपा पहले अपने गिरेबान में झांके : शिवानंद

- कहा-भ्रष्टाचारियों को शरण देने वाली पार्टी है भाजपा



पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हार से डरे हुए हैं मोदी जी। केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते की जब्ती, यह सब कुछ डर के ही लक्षण हैं। शिवानंद तिवारी ने कहा कि ऐन चुनाव के समय केजरीवाल की गिरफ्तारी क्या साबित करती है? यह पूछताछ चुनाव के बाद भी हो सकती थी। आप के सभी बड़े नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का खाता जब्त कर लिया गया है। रोज का खर्च जुटाना कठिन हो गया है। मुख्य विपक्षी पार्टी को चुनाव में मोदी जी ने पैदल कर दिया है। वरिष्ठ राजद नेता ने कहा कि हार के डर की बेचैनी में बगैर सोचे अमित शाह ने मुंबई में राज ठाकरे को अपने साथ मिलाया है। वही राज ठाकरे जिन्होंने हिंदी भाषियों को मुंबई से भगाने के लिए क्या-क्या जुल्म नहीं किया है। उन्होंने सवाल दागते हुए कहा कि पता नहीं किस मुंह से मोदी जी और उनकी पार्टी भ्रष्टाचार पर बोलती है। अभी भाजपा ने भूतपूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को राज्य सभा का सदस्य बनाया है। ये वही अशोक चव्हाण हैं जिनको आदर्श घोटाला में आरोप के कारण मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ा था। आज वे भाजपा के सम्मानित नेता हैं। राजद नेता तिवारी ने कहा कि शरद पवार की पार्टी को मोदी जी ने महा भ्रष्ट पार्टी कहा था। लेकिन शरद पवार की पार्टी के नेता और उनके भतीजे अजीत पवार को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बना दिया। अजीत पवार पर हजारों करोड़ के सिंचाई घोटाले का आरोप है। शिवानंद तिवारी ने आगे कहा कि कांग्रेस के भूतपूर्व नेता कृपाशंकर सिंह चर्चित व्यक्ति हैं। कांग्रेस के मजबूत नेता वहां की सरकार में गृह राज्य मंत्री भी रहे हैं। आय से अधिक संपत्ति के मामले में उन पर जांच चली। मुकदमा चलाने का आदेश हुआ था। वही कृपाशंकर जी उत्तर प्रदेश के जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार हैं। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि देश भर के भ्रष्टाचारियों को शरण देने वाली भाजपा को दूसरे पर आरोप लगाने के पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए।

# रालोमो प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा ने थामा जदयू का दामन



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव से दल बदल का खेल चल रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को एनडीए के ही घटक दल राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा अपनी पत्नी विजयलक्ष्मी के साथ जेडीयू में शामिल हो गये। जेडीयू के प्रदेश कार्यालय में शनिवार को जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, राज्यसभा सांसद संजय झा, मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी ने रमेश कुशवाहा और उनकी पत्नी विजयलक्ष्मी को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। रमेश कुशवाहा 2015 से 2020 तक जदयू के ही विधायक थे। वे पिछले साल उपेंद्र कुशवाहा के साथ चले गये थे। उपेंद्र कुशवाहा ने उन्हें अपनी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। लेकिन प्रदेश अध्यक्ष ही पाला बदल कर जेडीयू में शामिल हो गये। इस मौके पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में रमेश कुशवाहा ने कहा कि वे एनडीए में ही आये हैं और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए काम करेंगे। वहीं, मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि रमेश कुशवाहा आपसी सहमति से जदयू में आये हैं। गठबंधन में आपसी तालमेल से लोग एक जगह से दूसरे जगह जाते हैं। रमेश कुशवाहा को एनडीए गठबंधन की मजबूती के लिए जदयू में शामिल कराया गया ह। इसमें उपेंद्र कुशवहा को कमजोर करने वाली कोई बात नहीं है। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि रमेश सिंह कुशवाहा एवं उनकी धर्मपत्नी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में आस्था जताते हुए पार्टी में जॉइन करने का फैसला किया है। श्री अशोक चैधरी ने कहा कि रमेश सिंह कुशवाहा हमेशा से दबे-कुचलो की आवाज उठाते रहे है, उनके आने से पार्टी को सांगठनिक मजबूती मिलेगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि रमेश सिंह कुशवाहा पार्टी के पुराने साथी रहे हैं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीति-सिद्धांतों में विश्वास जताते हुए उन्होंने पुनः अपनी धर्मपत्नी के साथ जदयू की सदस्यता ग्रहण करने का निर्णय लिया है। जदयू परिवार में हम उनका स्वागत और अभिनंदन करते हैं, हमें विश्वास है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाने में रमेश सिंह कुशवाहा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विजयालक्ष्मी कुशवाहा अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से विधान परिषद के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं विधानपार्षद ललन सर्राफ, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, संतोष कुशवाहा,अनिल कुमार, रंजीत कुमार झा,वासुदेव कुशवाहा,धीरज कुशवाहा,राहुल खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

# एनडीए घटक दलों के बीच सिर फुटव्वल जारी : गगन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि एनडीए में सीट शेयरिंग की घोषणा के बावजूद घटक दलों के बीच जबरदस्त सिर फुटव्वल जारी है। यही वजह है कि सीट शेयरिंग के लिए दिल्ली में बुलाए गए प्रेस कॉन्फ्रेंस को कई घटक दलों ने अघोषित रूप से वहिष्कार किया था। एक दल दूसरे के पैर खींचने में लगे हुए हैं। जनता दल यू द्वारा आज उपेन्द्र कुशवाहा जी की पार्टी रालोसपा के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा जी को हीं तोड़कर अपनी पार्टी में मिला लिया गया। रमेश कुशवाहा जी की पत्नी विजयलक्ष्मी जी ने भी जदयू की सदस्यता ले ली हैं। एनडीए खेमे में अन्दर और बाहर जबरदस्त बेचैनी है। अनेक सीटों पर इन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहा है इसीलिए घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग की घोषणा कर देने के बाद भी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं हो रही है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर घटक दलों के बीच काफी सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातें हो रही है जो अब अन्तिम दौर में है। अधिकांश सीटों पर सहमति बन गई है। कुछ बची हुई सीटें हैं जिनपर बहुत जल्द हीं सहमति बनने की स्थिति बन चुकी है। चुंकि गठबंधन में शामिल सभी दलों का लक्ष्य मात्र चुनाव लड़ना हीं नहीं है बल्कि हम सभी इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि बिहार के चालीस में चालीस सीटें इंडिया गठबंधन के झोली में आए और एनडीए को जीरो पर आउट करें। उम्मीदवार भले हीं अपने अपने दल के चुनाव चिन्ह पर नामांकन करेंगे पर चालीसों सीटों पर चुनाव महागठबंधन हीं लड़ेगी। इसलिए महागठबंधन के अन्दर सीट शेयरिंग कोई समस्या है हीं नहीं। राजद प्रवक्ता ने कहा कि पुरे बिहार में बदलाव की आंधी चल रही है। सभी जाति, धर्म और वर्गों का समर्थन महागठबंधन को मिल रहा है। बिहार की जनता पिछले सत्रह महीने की तेजस्वी के उपमुख्यमंत्रीत्व काल की उपलब्धियों की तुलना में डबल इंजन सरकार से पिछले दस वर्षों का और बिहार की एनडीए सरकार से पिछले सत्रह वर्षों का हिसाब खोज रही है । बीते दिन पप्पू यादव ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की थी। जिसके बाद आज सुबह वो दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

# शहीद भगत सिंह का मनाया गया शहादत दिवस




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भगत सिंह के शहादत दिवस पर शनिवार को आइसा- शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड व ऐक्टू ने कंकड़बाग के टेम्पो स्टैंड पर शहीद भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। नए भारत के वास्ते भगत सिंह और अम्बेडकर के रास्ते बढ़े चलो,फिरकापरस्तों- साम्राज्यवाद के देशी दलालों होश में आओ, फिरकापरस्ती नहीं चलेगी, साम्राज्यवाद हो बर्बाद, धर्म के आधार पर देश बांटना बन्द करो आदि नारे के साथ आइसा ,शहीद भगत सिंह युवा ब्रिगेड से जुड़े लोगों ने आज कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस मनाया। इस दौरान भगत सिंह व उनके साथियों के विचारों का भारत बनाने का संकल्प लिया। कंकड़बाग टेम्पो स्टैंड पर भाकपा (माले) राज्य स्थायी समिति सदस्य सह ऐक्टू बिहार राज्य सचिव रणविजय कुमार ने संबोधित किया। उन्होंने भगत सिंह के विचारों पर बात रखते हुए कहा कि भगत सिंह फिरकापरस्ती और साम्राज्यवादी शोषण का पूरी तरह खात्मा के आधार पर शोषण मुक्त व्यवस्था वाला देश बनाना चाहते थे। उन्होंने नए भारत के वास्ते भगत सिंह-अम्बेडकर के रास्ते आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पन्नालाल सिंह, संतोष पासवान, राजकुमार , अम्बिका प्रसाद खासतौर से शामिल थे।

# बिहार की सभी 40सीटें जीतेगा एनडीए: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी सीटों पर एनडीए की जीत का दावा करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि पूरे बिहार में एनडीए की चल रही लहर को देखते हुए यह तय है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष चारो खाने चित्त होने वाला है। जनता जान चुकी है कि उनका भविष्य एनडीए के हाथों में ही सुरक्षित है। उन्हें पता है कि विपक्षी गठबंधन का एकमात्र मकसद परिवार की जमींदारी सुरक्षित करना है, जिसे जनता पूरी तरह नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि हकीकत में आगामी लोकसभा के लिए विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं है। उनकी हालत इतनी खस्ताहै कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए प्रत्याशी तक नही मिल रहे हैं। उनके नेता चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं। उन्हें पता है कि यह चुनाव एनडीए बनाम इंडी गठबंधन नहीं बल्कि लोकतंत्र बनाम परिवारवाद के बीच हो रहा है। इसमें एक तरफ सुशासन के पर्याय बने नमो-नीतीश के नेतृत्व में लोकतांत्रिक पार्टियां हैं तो दूसरी तरफ कुशासन व घोटालों के सरताज माने जाने वाले राजद-कांग्रेस के नेतृत्व में खानदानी पार्टियां। दोनों के काम देख चुकी बिहार की जनता जानती है कि उनका भला एनडीए जैसा लोकतांत्रिक गठबंधन ही कर सकता है। उन्हें पता है कि डबल इंजन सरकार के कारण ही आज विकास की रौशनी बिहार के कोने-कोने तक पहुंच चुकी है। समाज के हर जाति-हर वर्ग को डबल इंजन सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। इसीलिए जनता खुद जी-जान से एनडीए को रिकॉर्ड जीत दिलाने में लग चुकी है। विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के लोग खानदानी दलों से भरे इंडी गठबंधन के रग-रग से भी पूरी तरह वाकिफ हैं। वह जानते हैं कि विपक्षी गठबंधन का एकमात्र उद्देश्य सिर्फ परिवार की जमींदारी बचाने का प्रयास भर है। उन्हें पता है कि मौका मिलते ही यह लोग ऐसी लूट मचाएंगे कि देश और राज्य दोनों सैंकड़ों साल पीछे चले जायेंगे। विपक्षी दल यह जान लें कि बिहार लोकतंत्र की जननी है। परिवारवाद के माध्यम से राजशाही थोपने वाले दलों को यहां की जनता अब बख्शने के मूड में नहीं है। इस चुनाव में उन्हें आधे से अधिक सीटों पर लाज बचाने भर वोट भी नहीं मिलने वाले।

# आईएएस बनना चाहता है आर्टस टॉपर तुषार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया गया। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने होली से ठीक दो दिन पहले रिजल्ट जारी किया है। इस बार कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट एंड साइंस के पटना के तुषार कुमार ने कला संकाय में टॉप किया है। अपने दो भाइयों में तुषार कुमार सबसे बड़े हैं, जबकि छोटा भाई प्रीतम कुमार अभी मैट्रिक की पढ़ाई कर रहा है। तुषार ने अपने टॉपर होने में सबसे बड़ा योगदान अपने मां-बाप और दोस्तों का बताया। तुषार कुमार ने कहा कि हमारी इस सफलता में कॉलेज के शिक्षकों ने भी काफी प्रोत्साहन दिया है। तुषार कुमार ने कहा कि वह बड़े होकर आईएएस बनना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। दून ग्लोबल से मैट्रिक पास करने के बाद लगातार पढ़ाई करते रहने वाले तुषार कुमार ने बताया कि एनसीईआरटी की किताब ने उन्हें काफी मदद दी है। उन्होंने बताया कि उनके पिता दीनू कुमार मनेर ब्लॉक में कार्यरत हैं, जबकि मां हाउसवाइफ है। तुषार ने बताया कि वह प्रतिदिन सेल्फ स्टडी किया करते थे। करीब चार से पांच घंटे की पढ़ाई लगातार करने के बाद उन्होंने यह सफलता हासिल की है।

# नीतीश कुमार ने डॉ लोहिया के विचारों को धरातल पर उतारा : उमेश



- जदयू प्रदेश कार्यालय में मनी डॉ राम मनोहर लोहिया की 124 वीं जयंती

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश कार्यालय में महान समाजवादी नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की 124 वीं जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने उन्हें स्मरण करते हुए कहा कि भेदभाव मुक्त समरस समाज की स्थापना में डॉ राम मनोहर लोहिया का योगदान अनुकरणीय है। डॉ राम मनोहर लोहिया ने आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई, साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राष्ट्र को नई दिशा देने का काम किया। श्री कुशवाहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने डॉ राममनोहर लोहिया के समाजवादी विचारों को अपने नीतियों के माध्यम से धरातल पर उतारा है। डॉ राममनोहर लोहिया ने शोषितों एवं वंचितों के समाजिक सशक्तिकरण का जो सपना देखा था उसे नीतीश कुमार ने पूरा किया है।श्री कुशवाहा ने कहा कि डॉ राममनोहर लोहिया के विचार एवं समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों की उत्थान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता देश के नए पीढ़ियों सदैव प्रेरणा देगी। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला,नौशाद आलम, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह दांगी, अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा, प्रदेश महासचिव राणा रणधीर सिंह चौहान, प्रदेश महासचिव धीरज सिंह कुशवाहा, मो मेजर इकबाल हैदर, प्रमंडलीय प्रभारी विद्यानद विकल, मो मुजाहिद आलम,नवीन आर्या, प्रह्लाद सरकार,मुकेश जैन,राहुल खण्डेलवाल, नागमणी कुशवाहा, राम कुमार राम, अवधेश कुमार व पंकज कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ राममनोहर लोहिया को नमन किया।

# पांच प्रमुख जगहों पर बनाए जाएंगे फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट की भी होगी सुविधा

## शहर में हादसे रोकने के लिए परिवहन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक




पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सड़क सुरक्षा पर गठित सर्वोच्च न्यायालय की समिति के निर्देश के आलोक में राजधानी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा के लिए परिवहन विभाग, पथ निर्माण विभाग, बीएसआरडीसी, यातायात, जिला प्रशासन के साथ परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से नेहरु मार्ग सहित पांच अन्य जगहों पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई। इसके साथ ही आम लोगों की सुविधा के लिए पटना वीमेंस कॉलज के पास बने फुटओवर ब्रिज पर लिफ्ट लगाने पर बल दिया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् की बैठक से फुट ओवर ब्रिज व अंडर पास निर्माण के लिए बजट अनुमोदित किया गया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने विभिन्न विभाग से आये प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि नेहरु मार्ग में पैदल यात्रियों को सड़क पार करने की सुविधा नहीं होने की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए नेहरु मार्ग सहित किस मार्ग में कहां-कहां फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा सकता है इस बारे में संबंधित पदाधिकारियों से विचार विमर्श किये। संबंधित पदाधिकारियों ने फुटओवर ब्रिज निर्माण के लिए संभावित व प्रस्तावित स्थलों के बारे में परिवहन सचिव से अवगत कराया।

**सड़क पार करने में पैदल यात्रियों को होगी सहूलियत :**

नेहरु मार्ग में फुट ओवरब्रिज का निर्माण होने से पैदल यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। पटना शहर और दानापुर को जोड़ने वाला नेहरु मार्ग (बेली रोड) प्रशासनिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। इस सड़क पर यातायात बहुत ही व्यस्त रहता है। सड़क पार करने में पैदल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क पार करने में आये दिन दुर्घटना भी हो जाती है।

**फुटओवर ब्रिज निर्माण हेतु मांगा गया स्टीमेट**

प्रस्तावित जगहों पर फुटओवर ब्रिज निर्माण के लिए परिवहन सचिव ने पथ निर्माण विभाग एवं बीएसआरडीसी से अविलंब डिजाइन के साथ स्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। निर्माण की लागत का अनुमानित व्यय प्राप्त होने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। डिजाइन प्राप्त होने पर निर्वाचन आयोग से अनापत्ति हेतु अनुरोध किया जाएगा।

**सड़क सुरक्षा संबंधित सस्याओं का होगा समाधान :**

परिवहन सचिव ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिहाज से सड़कों पर जहां कहीं भी समस्याएं हैं और उसका क्या समाधान हो सकता है इससे अवगत कराएं। ऐसे सड़कों, चौराहों का ज्वाइंट इंस्पेक्शन कर बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् के माध्यम से उसका निराकरण किया जायेगा। नगर आयुक्त पटना ने बताया कि नगर निगम करेगा लिफ्ट का रखरखाव और बिजली बिल का भुगतान। पथ निर्माण विभाग से सहमति प्राप्त कर फूट ओवर ब्रिज के रखरखाव , लिफ्ट के रख रखाव एवं विद्युत बिल के भुगतान के लिए नगर निगम ने जवाबदेही ली है । नगर आयुक्त अनिमेश पाराशर ने बताया कि नगर निगम, नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस कार्य को करेगा। इसके लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से इसका रख रखाव किया जाएगा तथा विज्ञापन से होने वाली आय से इसकी भरपाई की जाएगी।

## अटल पथ पर स्पीड लिमिट किया गया निर्धारित

बैठक के दौरान अटल पथ पर हो रही सड़क दुर्घटना की चर्चा की गई। बताया गया कि ओवर स्पीडिंग के कारण आये दिन अटल पथ पर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। पुनः स्पीड लिमिट निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। निर्णय लिया गया कि चारपहिया एवं सामान्य वाहनों के लिए 70, बस के लिए 50 एवं तिपहिया वाहन ऑटो के लिए 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार निर्धारित की गई। स्पीड कैमरे इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी एवं निर्धारित सीमा से अधिक गति से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

एक्सीडेंट के कारणों का करें अध्ययन

सचिव परिवहन विभाग ने एसपी ट्रैफिक पटना को निर्देश दिया कि बेली रोड एवं अटल पथ, गंगा पथ पर एक्सीडेंट के कारणों का विस्तृत अध्ययन करें तथा रोड एक्सीडेंट को कम करने के लिए जो भी संसाधनों की आवश्यकता है उसका प्रतिवेदन दें । सचिव द्वारा लगातार निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया, साथ ही सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से चालान की व्यवस्था को तेज करने का निर्देश दिया गया। इन जगहों पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण की आवश्यकता : पुनाईचक के समीप, चिड़ियाघर गेट नंबर-1 के समीप, तारामंडल के समीप, कंकड़बाग, सगुना-दानापुर के बीच। इस मौके पर राज्य परिवहन आयुक्त विशाल राज, नगर आयुक्त अनिमेश पराशर, पुलिस अधीक्षक यातायात अशोक कुमार चौधरी, अधिक्षण अभियंता , पथ निर्माण धंनजय कुमार बम्पट, अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था राजेश रौशन आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ मतदान बूथ की रहेगी व्यवस्था जरूर करें मतदान : नीतू नवगीत

## पटना नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



पटना नगर निगम ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान स्वच्छ मतदान बूथ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का फैसला किया है। चुनाव के दौरान जीरो वेस्ट इलेक्शन, स्वच्छ मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पटना के यूथ हॉस्टल सभागार में पटना नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू नवगीत ने नेहरू युवा केंद्र के साथ मिलकर लोगों को स्वच्छ मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने लोकगीतों की भी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की बालिकाओं द्वारा मराठी लावणी और कोली नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां की गयीं। नृत्य मंडली में श्रेष्ठी, भक्ति, सिद्धि,स्वाति शिंदे और अभ्यंकर की भूमिका प्रमुख रही। कार्यक्रम का समन्वय रविकुमार ने किया। चकाचक पटना अभियान के तहत निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर तथा स्वीप कार्यक्रम की आइकॉन डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कार्यक्रम में सभी से मतदान में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान कचरे का उत्पादन जीरो लेवल पर रखना है। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम और चुनाव प्रचार में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना है। मतदान केंद्रों पर भी ऐसी सामग्रियों को उपयोग में लाना है जिसका पुनःउपयोग हो सके। इस तरह जीरो वेस्ट इलेक्शन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में नीतू नवगीत ने कई लोकगीत प्रस्तुत करते हुए लोगों को स्वच्छता और मतदान के महत्व को बताया। इस अवसर पर उन्होंने करे हम अपना फर्ज निभाएंगे, लोकतंत्र का महापर्व है मिलकर सभी मनाते हैं, चला मतदान, सब बुजुर्ग आ जवान सहित अनेक लोकगीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार भावना शेखर भी मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### मक्का प्रक्षेत्र दिवस आयोजित

मुजफ्फरपुर। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में मक्का प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने इस अवसर पर पूसा प्रक्षेत्र में लगाया गये मक्का अनुसंधान से जुड़े विभिन्न प्रभेदो का निरीक्षण किया और उसके विषय में उचित दिशा निर्देश दिए। मक्का के एक प्रभेद जो विश्वविद्यालय पशुओं के चारे के रूप में विकसित कर रहा है। उस पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जिसमें निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, कुलसचिव डा मृत्युंजय कुमार, निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा तथा अन्य वैज्ञानिकों ने इस प्रभेद को लेकर विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय इस प्रभेद को आने वाले अनुसंधान परिषद की बैठक में प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहा है। इस प्रभेद को विकसित करने में मक्का वैज्ञानिक डॉ मृत्युंजय कुमार की मुख्य भूमिका है। प्रक्षेत्र दिवस के दौरान डॉ सी के झा , डा नीलांजय कुमार डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न वैज्ञानिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### रेलवे लाइन के पास से पुलिस ने 120 केन बियर किया बरामद

समस्तीपुर। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कोरबद्धा गुमटी के पास रेलवे लाइन के किनारे बोरा में रखा हुआ 120 केन बियर मुफ्फसिल पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। हालांकि पुलिस के आने की भनक लगते हैं सभी शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि बरामद शराब के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के श्रीनाथ पारण गांव से मारपीट मामले के आरोपी सकल सहनी के पुत्र बिट्टू सहनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आगे कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

### प्रोफेसर वाई के झा की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के वासुदेवपुर निवासी स्मृति शेष प्रोफेसर प्रो युगल किशोर झां की प्रथम पुण्यतिथि उनके निवास स्थान पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजकुमार राय संपादक के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों उपस्थित गणमान्य लोगों ने सर्वप्रथम उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं स्मृति शेष प्रोफेसर युगल किशोर झा के द्वारा प्रकाशित की जाने वाली समन्वय पत्रिका को उनके पुत्र आदित्य कुमार ने प्रकाशित कर लोकार्पण कराया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर परमानंद लाभ, समाजसेवी बम बहादुर सिंह, अनामिका झा, सेवा निर्मित शिक्षक विनय कृष्णा, आदि लोगों ने वाई के झा के द्वारा किए हुए कार्य को विशेष रूप से चर्चा किया।

### राम मनोहर लोहिया की मनाई गई जयंती

विभूतिपुर, समस्तीपुर। जनायक कपूर्री विचार मंच विभूतिपुर प्रखण्ड के चांद सुरारी में राम बाबू राय के अध्यक्षता में महान समाजवादी चिंतक राम मनोहर लोहिया कि जयंती मनाई गई। जिसमें समाजसेवी विश्वनाथ चौधरी उर्फ तूफान जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोहिया का नारा था समाजवादियों ने बांधी गाठ पिछड़ा पावे सौ में साठ। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते थे। वहीं प्रभू राय, क्रांति कुमार, हरे राम दास, कपिल राय, राधा कांत चौधरी, अजय सहनी, राम बालक राय, अजय सिंह, विंदेश्वर राय, चंदन राय, अशोक महतो, मोहन महतो, राधा कांत चौधरी, राम बहादुर सिंह, कन्हैया झा, ओम अभय आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

# तेज रफ्तार ट्रक दुकान में घुसा, महिला दुकानदार की मौत, तीन ग्राहक भी जख्मी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता




जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्मारक चौक के समीप शनिवार की अहले सुबह रफ्तार का कहर की वजह से एक महिला दुकानदार की मौत हो गई। वहीं तीन महिला ग्राहक जख्मी हो गई। दलसिंहसराय- विद्यापतिनगर मुख्य पथ के स्मारक चौक के समीप निमार्णाधीन एनएच 122 बी स्टोर प्वाइंट जा रही सीमेंट लदी एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक महिला दुकानदार की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतका की पहचान विद्यापतिधाम निवासी रामचन्द्र साह की पत्नी मीना देवी (55 ) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दलसिंहसराय की ओर से आ रही तेज रफ्तार ट्रक अचानक स्मारक चौक स्थित शांति स्वीट्स एंड चाट हाउस नामक दुकान में घुस गया। इस घटना में दुकान संचालक विद्यापतिधाम निवासी रामचन्द्र साह की पत्नी मीना देवी (55 ) की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि तीन महिला ग्राहक गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी जख्मी का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घटना में दुकान में मीना देवी के परखच्चे उड़ गए। जिससे उसकी दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। इधर घटना की सूचना मिलने ही थानाध्यक्ष फिरोज आलम के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने ट्रक संख्या एचआर 69 ए 1513 को जब्त कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी विक्रमपुर बांदे निवासी चालक अमरजीत कुमार को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर दलसिंहसराय- बजरंगी चौक पथ को स्मारक चौक के समीप आगजनी कर जाम कर दिया। आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन कर से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। चालक ने पुलिस को पूछताछ के क्रम में बताया कि यह कपूरी ग्राम स्थित रैंक प्वाइंट से सीमेंट लेकर साहिट वृंदावन स्थित निमार्णाधीन एनएच 122बी के स्टोर जा रहा था। इस दौरान अचानक ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह घटना घटी। उधर घटना की सुचना मिलते ही डीएसपी विवेक कुमार शर्मा, एसएचओ फिरोज आलम व सीओ कुमार हर्ष द्वारा जाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है। उधर जाम कर रहे लोगों का आरोप है कि प्रशासन की मिली भगत से सड़क किनारे अवैध टेम्पो स्टेंड बनाया गया है। जिस कारण आए दिन ऐसी दुर्घटनाएं होना आम हो गया है।

## कुलपति ने कृषि ज्ञान रथ को दिखाई हरी झंडी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। डा राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में कृषि ज्ञान रथ को कुलपति डॉ पी एस पांडेय, उपमहानिदेशक इंजीनियरिंग डा एस एन झा की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डा पांडेय ने कहा कि ग्यान रथ बिहर के किसानों और पशुपालकों के लिए काफी फायदेमंद है। यह उनके घर तक जायेगा और उन्हें कृषि से संबंधित विभिन्न वैज्ञानिक जानकारी फिल्म के माध्यम से दिखायेगा। उन्होंने कहा कि इस रथ में पशु चिकित्सा सेवाएं से संबंधित सभी उपकरणों को भी उपलब्ध कराया गया है। रथ में पशुओं के खून जांच तथा मल मूत्र जांच के उपकरण भी है जिससे कि उनके घर पर तत्काल ही जांच कर रिपोर्ट दे दिया जाएगा। इसके साथ ही इस वाहन में पशुओं के अल्ट्रासाउंड मशीन को भी रखा गया है, जिन पशुपालकों को अल्ट्रासाउंड कराने की जरूरत होगी उनके घर पर ही जाकर मशीन सभी जांच कर देगी। इस रथ को फिलहाल समस्तीपुर और आस पास के गांव में चलाया जाएगा। इस वाहन में जीपीएस सिस्टम भी लगा है जिससे कि यह जहां भी जायेगा उसकी ट्रेकिंग की जा सकेगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व कुलपति डॉ जी त्रिवेदी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से किया गया।

## शहादत दिवस पर तैल चित्र पर पुष्पांजलि कि अर्पित



प्रात : किरण संवाददाता

दतभंगा स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को श्रमिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि : आज बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ कार्यालय लहेरिया सराय में कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ट्रेड यूनियंस एंड सर्विस एसोसिएशन दरभंगा जिला कमेटी के द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह , सुखदेव एवं राजगुरु के 93 वीं शहादत दिवस के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया । शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे ह्नके नारों से महा संघ भवन गुजायमान हो गया । इस अवसर पर केंद्रीय श्रमिक संगठन सीटू के नेता साथी अश्विनी कुमार झा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑफ ट्रेड यूनियंस के जिला संयोजक एवं प्रखर कर्मचारी नेता फूल कुमार झा ने कहा कि आज के दिन ही इस महान स्वतंत्रता सेनानी को युवा अवस्था में ब्रिटिश हुकूमत के द्वारा फांसी दे दी गई थी । शहीद भगत सिंह ने जेल यात्रा के दरमयान कई पुस्तकों को लिखा जिसमें उन्होंने लिखा है कि युद्ध छिड़ा हुआ है और यह लड़ाई तब तक चलती रहेगी जब तक की शक्तिशाली व्यक्तियों ने भारतीय जनता और श्रमिकों की आय के साधनों पर अपना एकाधिकार कर रखा है, चाहे ऐसे व्यक्ति अंग्रेज पूंजीपति और अंग्रेज या सर्वथा भारतीय ही हो । उन्होंने आपस में मिलकर एक लूट जारी कर रखी है चाहे शुद्ध भारतीय पूजी पतियों के द्वारा ही निर्धनों का खून चूसा जा रहा हो तो भी इस स्थिति में कोई अंतर नहीं पड़ता ।

इस अवसर पर केंद्रीय श्रमिक संगठन सीआईटीयू के बिहार राज्य कमेटी के सदस्य एवं जिला कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ ट्रेड यूनियंस के सह-संयोजक सत्य प्रकाश चौधरी ने शहीद ए आजम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज भारत में बेरोजगारी भयंकर रूप से बढ़ रही है, महंगाई आसमान छू रहा है, अमीरी और गरीबी के बीच खाई लगातार बढ़ती जा रही है, एक तरफ निर्धन लोग हैं तो दूसरी तरफ अरबपतियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य या समर्थन मूल्य नहीं मिलने के कारण वे कंगाल हो रहे हैं, श्रमिकों के अधिकारों में कटौती की जा रही है, दलितों और महिलाओं के ऊपर जुल्म एवं अत्याचार बढ़ता जा रहा है, धर्म और सांप्रदायिकता के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश लगातार की जा रही है, शहीद-ए-आजम के उन सपनों को तार-तार किया जा रहा है जिसे वे स्वतंत्र भारत के रूप में देखना चाहते थे , अतः आज उनके विचारों को अनुकरण कर समाज में आपसी भाईचारा और प्रेम को बढ़ाने के लिए सबों को मिलकर लगातार प्रयास करने का काम करना होगा । इस अवसर पर साथी मो० ईसा खां, फकीरा पासवान, अरुण प्रसाद, हरेराम झा, ताराकांत पाठक, गौतम गुप्ता, शिवजी मोची आदि कर्मचारी नेताओं ने अपने विचार व्यक्त कर देश को बचाने के लिए शहीद भगत सिंह के विचारों पर चलने का आह्वान किया जिससे कि देश को अधिनायकवाद की ओर जाने से रोका जा सके और देश के आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके ।

## अज्ञात विक्षिप्त का शव बरामद

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मथुरापुर पंचायत के रमोली गांव के वार्ड 14 से बुढी गंडक नदी किनारे स्थित बांध के समीप से पुलिस ने 30 वर्षीय एक अज्ञात विक्षिप्त शव को पुलिस ने बरामद किया है।

वहीं लोगों का बताना है कि मृतक युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त देखने से प्रतीत हो रहा था।

गांव के लोग बांध से होकर गुजर रहे थे कि अचानक शव पर लोगों की नजर पड़ी। शव पर नजर पड़ते ही इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही सदर डीएसपी 2 विजय कुमार महतो और प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चंद्र धारिया, अपर थानाधयक्ष चंद्रभूषण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे मामले की जांच करते हुए मृतक युवक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं समाचार प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी।

## सीएचसी के सभागार में मना इफ्तार पार्टी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड सीएचसी के सभागार में दंत चिकित्सक डा. साहिद एकवाल के नेतृत्व में 11 वें रोजा का संध्याकाल में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया.इस इफ्तार पार्टी में सीएचसी खजौली के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण महिला चिकित्सक डा. मिताली कुमारी आयुष चिकित्सक डा.मुस्ताक अहमद, हेल्थ मैनेजर अर्चना भट्ट, लेखा पाल पलव्वी कुमारी, नोडल एएनएम रानी कुमारी, सबनम कुमारी,आरआई नोडल उपेंद्र यादव सहित अन्य स्वास्थ कर्मी द्वारा असर का नवाज अदा करने के बाद एक घंटे के बाद सभी लोगो ने इफ्तार पार्टी मनाकर खजौली प्रखंड़ के सभी लोगो के लिए लोक कल्याण के लिए दुआ मांगा.वही डा. साहिद एकवाल ने कहा कि इफ्तार पार्टी करने से एक दूसरे के साथ इफ्तार मनाने से दो दिलो की प्रेम बढ़ता है और अल्लाताला सभी बंदे को दुआ देते है।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वरस्थान थाना परिसर में थाना अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह एवं पूर्वी बीडीओ किशोर कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें होली का पर्व आपसी भाईचारे के बीच सद्भावना पूर्वक मनाने का निर्णय लिया। थाना अध्यक्ष श्री सिंह ने शांति समिति की बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से अपने अपने क्षेत्र में होली का पर्व शांति पूर्वक मनाने में प्रशासन को सहयोग करने का अपील किया। कहा कि इस अवसर पर डिजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा हुआ है। डिजे बजाते हुए पकड़े जाने पर डिजे को जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही डिजे संचालक और जिनके यहां डिजे बजाते हुए पाया जाएगा। उन्हें गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर देश भर में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है। एक साथ पांच से अधिक लोगों को इकट्ठा रहने पर उनपर कार्रवाई किया जाएगा। शराब की बिक्री और इसके सेवन करने वालों पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों से असामाजिक तत्वों एवं शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी नजर रखने और इसकी सूचना थाना को देने का अपील किया। ताकि पुलिस प्रशासन समय पर ऐसे तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई कर सके। बीडीओ किशोर कुमार एवं सीओ गोपाल पासवान ने भी लोगों से होली का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति पूर्वक मनाने का अपील किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र प्रसाद, कुशेश्वरस्थान पूर्वी नगर पंचायत के मुख्य पार्षद शत्रुघ्न पासवान उर्फ जरूण पासवान, उपमुख्य पार्षद सुजीत पासवान, युवा जदयू के प्रदेश महासचिव गौरव कुमार राय, कांग्रेस के जिला महासचिव मधुकांत झा मिन्टू, मुखिया छेदी राय,नवल किशोर राय,ठको सदा,मो0 इस्माइल, मुखिया प्रतिनिधि मो0 मुजीब, सरपंच सिकेन्दर पासवान, मिथिलेश राय, दिलीप कुमार सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उत्पाद विभाग की छापेमारी में एक ट्रक विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के एनएच-28 बल्लोचक स्थित अन्यया पेट्रोल पंप के पास उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब लदा हुआ एक ट्रक जब्त किया है। इस दौरान दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। ट्रक से उत्पाद विभाग की टीम ने अलग-अलग विदेशी ब्रांड का 1014 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। गिरफ्तार शराब तस्करों की पहचान हिमाचल प्रदेश के नूरपुर थाना के डमिल गांव के जयमल सिंह और विश्वजीत सिंह के रूप में की गई है। इस संबंध में मद्य निषेध एवं उत्पाद अधीक्षक शैलेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि शराब की बड़ी खेप आने की सूचना के बाद उत्पाद विभाग की टीम को छापेमारी के लिए निर्देशित किया गया था। उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी कर पेट्रोल पंप के पास से एक ट्रक विदेशी शराब जब्त किया गया है और दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।\

## इंटर आर्ट में जिला में द्वितीय स्थान लाकर निशु जयश्री बनेगी आईएएस



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के वार्ड 11 निवासी शिक्षक मनोज कुमार चौधरी एवं शिक्षा सेविका अनिता कुमारी की पुत्री निशु जयश्री ने इंटर आर्ट में 454 अंक लाकर जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त की है। प्लस टू राजकीयकृत रघुनंदन सेठ उच्च विद्यालय सिंघिया घाट की छात्रा आगे पढ़ाई कर आईएएस बनना चाहती है। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उसकी सफलता पर उसके दादाजी शिव शंकर चौधरी, दादी सरस्वती देवी, भाई उत्सव रंजन, बहन मनीषा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार आदि ने बधाई दी है। उसने मैट्रिक में भी डीएमपी होली मिशन रोसड़ा से प्रथम स्थान प्राप्त की थी।

## याद किए गए भगत सिंह, सुखदेव,राजगुरु

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। सरदार भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव, तीनों नायक ऐसे सच्चे राष्ट्रवादी थे जिनके खून में देशभक्ति का भाव कूट-कूट कर भरा हुआ था। इन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर देश के युवाओं में नए जोश के साथ क्रांति की भावना का संचार किया। लाखों युवा उनके इन्कलाब के नारे के साथ मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ उठ खड़े हुए। नूतन साहित्यकार परिषद के अध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने शनिवार को शहीद दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उक्त बातें कही। साहित्य भवन कांटी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भगत सिंह कहते थे कि हमे केवल अंग्रेजों के खिलाफ हीं नही लड़ना है बल्कि अंग्रेजी प्रवृति के खिलाफ भी लड़ना है। आर्थिक,सामाजिक विषमता की खाई को पाटने के लिए भगत सिंह की विचारों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। सेवानिवृत डीडीओ परशुराम सिंह ने कहा कि युगों तक तीनों बलिदानी युवाओं के प्रेरणास्रोत बने रहेंगे व देश इन शहीदों का सदैव ऋणी रहेगा। स्वराजलाल ठाकुर ने कहा कि हमारे वीर शहीदों की गाथाओं से देश का इतिहास भरा पड़ा है। तेईस मार्च का दिन भारतीय इतिहास में कभी भुलाया नहीं जा सकता। पिनाकी झा,नंदकिशोर ठाकुर,रामेश्वर महतो,मनोज मिश्र,रोहित रंजन, दिलजीत गुप्ता, वसंत शांडिल्य,रजनीश कुमार,महेश साह ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## इंटर साइंस में जिले में पांचवा स्थान लाकर सुरूती बनेगी चिकित्सक



विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण वार्ड 13 निवासी गैस वेंडर कैलाश प्रसाद सिंह व गृहिणी वीणा देवी की पुत्री सुरूती इंटर साइंस में 462 अंक लाकर जिला में पांचवा स्थान लाई है। डीबीकेएन नरहन की छात्रा सुरूती चिकित्सक बनना चाहती है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों को देना चाहती हैं। उसकी सफलता पर दादा रामसूदीन महतो, दादी सुनैना देवी, बहन प्रीति, अनीशा, सुमित सहित ग्रामीण गंगा प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, शिक्षक विश्वनाथ, राम कैलाश, संजीत, चंद्रिका प्रसाद, शमशेर, मनोज, अमरजीत, राजन, अभिनंदन, अमरजीत, दिलीप आदि उसके घर पर पहुंच कर सुरूती को बधाई दी है।

## होली मिलन समारोह में लोगों ने दी होली की शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज(रोहतास): इंदु तपेशवर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के छात्राओं एवं व्याख्याताओं के द्वारा होली गीत एवं हास्य कविताओं के द्वारा मनोरंजन किया गया। होली मिलन समारोह में होली खेले रघुवीरा, कनक पीचकारी सहित कई गाने गाकर लोगों को होली के रंग रंग को होलीमय बना दिया। वहीं समारोह मे प्राचार्य प्रो शशिरंजन कुमार को महामुर्खापति के उपाधि से नवाजा गया। तो प्रो अभिषेक कुमार को मुर्खापति के उपाधि से, वहीं प्रो अनील कुमार सिंह को रंगासियार के उपाधि से नवाजा गया । कार्यक्रम में प्रो शशिरंजन कुमार प्राचार्य, प्रो उदय प्रताप सिंह, प्रो अनील कुमार सिंह, प्रो अभिषेक कुमार, प्रो युगल किशोर सिंह, प्रो मनोज सिंह, प्रो राजीव रंजन सिंह, प्रो निजामुद्दीन खान, प्रो रेनूबाला कुमारी, प्रो शोभा सिंह, प्रो विपिन सिंह, प्रो उषा कुमारी, प्रो राम अयोध्या सिह, प्रो उमेश सिंह, कमलेश सिंह, असगर आलम, योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित महाविद्यालय की छात्रा अंजली कुमारी, रूपा कुमारी, दिपा सिंह, रूबी कुमारी, काजल कुमारी, निशा उपाध्याय, ज्योति सिंह, अनिसा कुमारी, पायल कुमारी सहित कई छात्रा उपस्थित थी।

## एएनएम के साथ छ महीने पूर्व कार्य की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली सीएचसी सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण के अध्यक्षता में सभी एएनएम के साथ 6 महीने पूर्व कार्य की समीक्षात्मक बैठक किया गया.इस दौरान सभी एएनएम से कहा कि कार्य में जो भी एएनएम लाहपरवाही करने वाले एएनएम को कारण पृच्छा पूछने का आदेश दिया गया. उन्होंने कहा कि सभी एएनएम को कहा कि ई टैली मेडिसिन एनसीडी पूर्ण टीकाकरण संम्पूर्ण टीकाकरण पर विशेष बल दिया गया. वही यूनिसेफ के कालीचरण झा ने उपस्थित सभी एएनएम को कहा कि 31 मार्च तक सभी कार्यो की समीक्षा की जाएगी. उन्होंने कहा कि जो एएनएम की कार्यो में कमी पायी जाने वाले को वरीय पदाधिकारी को सूचित कर करवाई की जाएगी।

## रिटायर्ड शिक्षक के यहां 30 लाख की चोरी मामले में दो संदिग्धों को पुलिस ने उठाया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत जितवारपुर चौथ में रिटायर्ड शिक्षक नसीम अशरफ के घर बीते दिनों लगभग 30 लाख रुपए मूल्य के जेवरात व अन्य कीमती सामान की चोरी मामले में पुलिस ने दो संदिग्ध को हिरासत में लिया है। दोनों से चोरी की घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी तक चोरी का सामान बरामद नहीं हो पाया है। छापेमारी में मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्ध को हिरासत में लिया है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ बोलने से परहेज कर रही है। बता दें कि बीते हफ्ते रिटायर्ड शिक्षक नसीम अशरफ की पत्नी बीमार होने पर उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसके कारण परिवार के सभी सदस्य पटना गए हुए थे। इस दौरान जब शिक्षक के पुत्र नदीम अशरफ पटना से घर पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर का सभी दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गयी थी। चोरों ने घर में रखे आलमीरा, दिवान, बॉक्स आदि को तोड़कर जेवर, कीमती सामान आदि चोरी कर ली थी।

# बीमारी से हुई थी महिला रेल कर्मी की मौत, पुत्री के आवेदन पर यूडी केस दर्ज

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के माधुरी चौक के पास एक रेलवे क्वार्टर से पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम एक महिला रेलकर्मी के बरामद शव मामले मृतका की पुत्री नीतू कुमारी के लिखित आवेदन पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। वहीं रात में ही पुलिस ने शव को जब्त कर शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका की पुत्री नीतू कुमारी ने पुलिस को बताया है कि वह पटना जिले के हथिदह थाना क्षेत्र के दरियापुर मोकामा के स्व. किशोर कुमार शर्मा की पुत्री है और वहीं की स्थायी निवासी है। उनकी मां रेलवे में कार्यरत थी। वह पहले से ही बीमार चल रही थी। उसकी मां मिनता देवी की मौत तबियत खराब रहने के कारण हुई है। उसने साफ तौर पर कहा है कि उनकी मां की हुई मृत्यु को लेकर उनका किसी पर कोई शक नहीं है और ना ही वह इस मामले में किसी को आरोपित कर रही हैं। बता दें कि मृतका मिनता देवी (42 वर्ष) समस्तीपुर रेल कारखाना में टेक्निशियन वन के पद पर कार्यरत थी। मिली जानकारी के अनुसार महिला के परिजन उसे सुबह से ही फोन कर रहे थे लेकिन कोई फोन उठा नहीं रहा था। इसके परिजनों ने उसके आसपास के लोगों को इसके बारे में बताया उसके बाद जब आसपास के लोगों ने जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। इसके इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला का शव बरामद किया। महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में बिछावन पर पड़ा हुआ था और उसके मुंह पर खून का निशान था। वहीं इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया लिखित आवेदन के आधार पर नगर थाना पुलिस यूडी केस दर्ज किया गया है।

## एसएफआई कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारत का छात्र फेडरेशन एसएफआई के बैनर तले प्रखंड के जेपीएनएस हाई स्कूल के नजदीक से छात्र छात्राओं का एक जुलूस शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहे, अमर शहीदों लाल सलाम आदि नारें लगाते हुए आलोक संघ पुस्तकालय भवन स्थित भगत सिंह स्मारक पर पहुंची। जहां उनके स्मारक पर छात्र छात्राओं द्वारा माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित किया गया। वहीं एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलकमल ने किया। सभा को एसएफआई पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार, जिला कमिटि सदस्य प्रिंस कुमार, मो० साबिर आदि ने संबोधित करते हुए तीनों महापुरुष के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर सोनू कुमार, कोमल कुमारी, ब्यूटी कुमारी, रितु कुमारी, कुमकुम कुमारी, अंशु कुमारी, आरती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, चंदा कुमारी, निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, वंदना कुमारी, मो० जीशान, मो० शाहिद, मो० चांद, सचिन कुमार, मुस्तफा, नीरज कुमार, राजा कुमार, गुलशन, गौरव आयुष, आशुतोष, ऋषभ सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया

ात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान दरभंगा : कुशेश्वरस्थान बाजार स्थित पूर्व विधायक स्वर्गीय रामजतन पासवान के स्मृति भवन परिसर में शनिवार को पूर्वी प्रखंड सीपीएम कार्यकताओं ने मजदूर नेता सज्जन राय की अध्यक्षता में बलिदान दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी वीर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने देश को स्वतंत्रता के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यो को चर्चा करते हुए उन्हें महान स्वतंत्रता सेनानी बताया और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। उनका संदेश को समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले लोगों तक पहुंचाने का निर्णय लिया। मौके खेत मजदूर नेता ललितेश्वर पासवान, सरपंच कपिलेश्वर पासवान, हरे राम शर्मा, मानसी चौपाल, नौजवान सभा अंचल मंत्री सत्यनारायण राय, प्रदीप झा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, रविवार,24 मार्च, 2024

सम्पादकीय

# प्रदूषण का देश भारत

भारत तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है, जिसकी राजधानी दिल्ली दुनिया की सबसे अधिक प्रदूषित राजधानी है। भारत की करीब 96 फीसदी आबादी जहरीली हवा में जीने को विवश है। प्रदूषण के लिए जिम्मेदार सूक्ष्मतम कण पीएम 2.5 होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का पीएम 92.7 है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका पीएम 80.2 के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत के 7800 शहरों में से मात्र 9 फीसदी ही ऐसे हैं, जो मानकों पर खरे उतरते हैं। सिर्फ यही नहीं, सबसे प्रदूषित 50 शहरों में से 42 शहर भारत के हैं। प्रदूषण का यह स्तर भारत के लिए चुनौती ही नहीं, बल्कि संकट का रूप धारण करता जा रहा है। संकट इसलिए भी गहरा है, क्योंकि बिहार के बेगुसराय, पटना, असम के गुवाहाटी, अपेक्षाकृत छोटे शहर-रोहतक (हरियाणा) और मेरठ (उप्र)-भी प्रदूषित होते जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पीएम 2.5 का सालाना औसत 5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन बेगुसराय का यह स्तर बीते साल 118.9 था। यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 23 गुना अधिक था। भारत में प्रदूषण के हालात का खुलासा स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग संस्था आईक्यूएयर की हालिया रपट में किया गया था। यह डाटा खुद भारत की सरकारों द्वारा दिया गया है, स्विस संस्था ने विश्व-संदर्भ में उन्हें संकलित किया है, लिहाजा संस्था पर आरोप लगाना आत्मघाती होगा। विडंबना है कि हवा, पानी, मिट्टी और जंगल सरीखे मुद्दों पर राजनीति नहीं की जाती। वे चुनाव में गौण ही रहते हैं। हमारी सत्ताओं की प्राथमिकता गरीबी हटाओ और औद्योगिक प्रगति ही रही है। औद्योगिक क्रांति के 200 सालों के दौरान औद्योगिक औजारों ने प्रदूषण को इतना बढ़ा दिया है कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। पहले संकट दिल्ली समेत कुछ महानगरों तक ही सीमित समझा जाता था, लेकिन स्विस संस्था की रपट ने पूरे भारत के संकट को बेनकाब किया है। भारत की 130 करोड़ से अधिक आबादी जहरीली हवा के शहरों में बसी है। यदि भारत का सच यही है, तो भारत को प्रदूषण का देश करार देना गलत नहीं होगा। दरअसल जिस गति से भारत का शहरीकरण हुआ है या सरकार स्मार्ट सिटी बनाने की परियोजना पर काम कर रही है, उसमें प्रदूषण प्राथमिकता पर नहीं है। उस गति से प्रदूषण के कारकों का डाटा भी उपलब्ध नहीं है। यदि बेगुसराय, गुवाहाटी, रोहतक, मेरठ आदि अपेक्षाकृत छोटे शहरों में प्रदूषण के खतरनाक कारक सामने आए हैं, तो उस लिहाज से राजधानी दिल्ली जानलेवा गैस चैंबर कही जा सकती है।

# पारंपरिक जल-स्रोत बचाएं

पंकज चतुर्वेदी

कोई साल बारिश का रूठ जाना तो कभी ज्यादा ही बरस जाना हमारे देश की नियति है। थोड़ा ज्यादा बरसात हो जाए तो उसके समेटने के साधन नहीं बचते और कम बरस जाए तो ऐसा रिजर्व स्टॉक नहीं दिखता जिससे काम चलाया जा सके। अनुभवों से यह तो स्पष्ट है कि भारी-भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट के निदान नहीं हैं। करोड़ों-अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं ढेर सारी उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। जलवायु परिवर्तन के खतरे के सामने आधुनिक इंजीनियरिंग बेबस है। यदि भारत का ग्रामीण जीवन और खेती बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं बच रहा है। देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वर्षा नई बात नहीं है, और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों चंदेल-बुंदेला कालीन तालाबों और पारंपरिक जल पणालियों के चलते ये हालात बने। मप्र के बुरहानपुर शहर की आबादी तीन लाख के आसपास है। निमाड़ का यह इलाका पानी की कमी के लिए जाना जाता है लेकिन आज भी शहर में कोई अठारह लाख लीटर पानी प्रति दिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। यह प्रणाली जल संरक्षण और वितरण की दुनिया की अजूबा मिसाल है, जिसे भंडाराइ कहा जाता है। सतपुड़ा की पहाडिों से एक-एक बूंद जल जमा करना और उसे नहरों के माध्यम से लोगों के घरों तक पहुंचाने की यह व्यवस्था मुगलकाल में फारसी जल-वैज्ञानिक तबकुतुल अर्ज ने तैयार की थी। समय की मार के चलते दो भंडारे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। सनद रहे कि हमारे पूर्वजों ने देश-काल-परिस्थिति के अनुसार बारिश को समेट कर रखने की कई पण्रालियां विकसित और संरक्षित की थीं, जिनमें तालाब सबसे लोकप्रिय थे। घरों की जरूरत यानी पेयजल और खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी हर घर-आंगन में हुआ करता था। धनवान सार्वजनिक कुएं बनवाते थे। हरियाणा से मालवा तक जोहड़ या खाल जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचना हैं। ये आम तौर पर वष्रा-जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर तेज गति से पानी के बह जाने वाले भूस्थल में पानी की धारा को काट कर रोकने की पद्धति पाटइ पहाड़ी क्षेत्रों में लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिए किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली नाड़ा या बंधाइ अब देखने को नहीं मिल रही। कुंड और बावडिा महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूना रहे हैं। आज जरूरत है कि ऐसी पारंपरिक पण्रालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज की ही हो। यह देश-दुनिया जब से है तब से पानी अनिवार्य जरूरत रही है और अल्प वष्रा, मरुस्थल, जैसी विषमताएं प्रकृति में विद्यमान रही हैं-यह तो बीते दो सौ साल में ही हुआ कि लोग भूख या पानी के कारण अपने पुश्तैनी घरों-पिंडों से पलायन कर गए। उसके पहले का समाज तो हर तरह की जल-विपदा का हल रखता था। अभी हमारे देखते-देखते ही घरों के आंगन, गांव के पनघट और कस्बों के सार्वजनिक स्थानों से कुएं गायब हुए हैं। बावडिों को हजम करने का काम भी आजादी के बाद ही हुआ। हमारा आदि-समाज गर्मी के चार महीनों के लिए पानी जमा करने और किफायत से खर्च करने को अपनी संस्कृति मानता था। अपने इलाके के मौसम, जलवायु चक्र, भूगर्भ, धरती-संरचना, पानी की मांग-आपूर्ति का गणित भी जानता था। उसे पता था कि खेत को कब पानी चाहिए और कितना मवेशी को और कितने में कंठ तर हो जाएगा। वह अपनी गाड़ी को साफ करने के लिए पाइप से पानी बहाने या हजामत के लिए चालीस लीटर पानी बहा देने वाली टोंटी का आदी नहीं था। भले ही आज उसे बीते जमाने की तकनीक कहा जाए लेकिन आज भी देश के कस्बे-शहर में बनने वाली जल योजनाओं में पानी की खपत और आवक का वह गणित कोई नहीं आंक पाता है, जो हमारा पुराना समाज जानता था। राजस्थान में तालाब, बावडिां, कुई और झालार सदियों से सूखे का सामना करते रहे। ऐसे ही कर्नाटक में कैरे, तमिलनाडु में ऐरी, नगालैंड में जोबो तो लेह-लद्दाख में जिंग, महाराष्ट्र में पैट, उत्तराखंड में गुल, हिमाचल प्रदेश में कुल और जम्मू में कुहाल कुछ ऐसे पारंपरिक जल-संवर्धन के सलीके थे जो आधुनिकता की आंधी में कहीं गुम हो गए और आज जब पाताल का पानी निकालने और नदियों पर बांध बनाने की जुगत नाकाम होती दिख रही हैं तो फिर उनकी याद आ रही है। गुजरात में कच्छ के रण में पारंपरिक मालधारी लोग खारे पानी के ऊपर तैरती बारिश की बूंदों के मीठे पानी को विरदाइ के प्रयोग से संरक्षित करने की कला जानते थे। सनद रहे कि उस इलाके में बारिश भी बहुत कम होती है। हिम-रेगिस्तान कहे जाने वाले लेह-लद्दाख में सुबह बरफ रहती है, और दिन में धूप के कारण कुछ पानी बनता है जो शाम को बहता है। वहां के लोग जानते थे कि शाम को मिले पानी को सुबह कैसे इस्तेमाल किया जाए। तमिलनाडु में एक जल सरिता या धारा को कई-कई तालाबों की श्रृंखला में मोड़कर हर बूंद को बड़ी नदी और वहां से समुद्र में बेजा होने से रोकने की अनूठी परंपरा थी। उत्तरी अराकोट और चेंगलपेट जिले में पलार एनीकेट के जरिए इस पद्धति तालाबइ प्रणाली में 317 तालाब जुड़े हैं। रामनाथपुरम में तालाबों की अंतश्रृंखला भी विस्मयकारी है। पानी के कारण पलायन के लिए बदनाम बुंदेलखंड में भी पहाड़ी के नीचे तालाब, पहाड़ी पर हरियाली वाला जंगल और एक तालाब के ओनेइ (अतिरिक्त जी की निकासी का मुंह) से नाली निकाल कर उसे उसके नीचे धरातल पर बने दूसरे तालाब से जोडे और ऐसे पांच-पांच तालाबों की कतार बनाने की परंपरा 900वीं सदी में चंदेल राजाओं के काल से रही है। वहां तालाबों के आंतरिक जुड़ावों को तोड़ा गया, तालाब के बंधान फोड़े गए, तालाबों पर कालोनी या खेत के लिए कब्जे हुए, पहाड़ी फोड़ी गई, पेड़ उजाड़ दिए गए। इसके कारण जब जल देवता रूठे तो पहले नल, फिर नलकूप के टोटके किए गए। सभी उपाय जब हताश रहे तो आज फिर तालाबों की याद आ रही है।

# खुशहाल समाजों की रैंकिंग से भारत भ्रमित न हो

**फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है। पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए।**





ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

143 देशों के विश्व खुशहाली रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर रहा है जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि भारत में दस अंकों का सुधार हुआ है, फिर भी भारत के लिये आश्चर्यकारी एवं विचारणीय है। फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश करार दिया गया है, पर गौर कीजिए, वहां आबादी सिर्फ 56 लाख है। मतलब, इस देश की चुनौतियां बहुत कम हैं। धार्मिक वातावरण ऐसा है कि विद्वेष की ज्यादा गुंजाइश नहीं है। छोटा राष्ट्र होने की वजह से सरकारों के सामने समस्याएं कम है। अतः फिनलैंड की स्थिति अच्छी है, पर उसकी तुलना भारत जैसे 140 करोड़ आबादी वाले देश से कैसे हो सकती है? यह बहस का विषय है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित इस वार्षिक रिपोर्ट में नॉर्डिक देशों ने 10 सबसे खुशहाल देशों में अपना स्थान बनाए रखा है। फिनलैंड के बाद डेनमार्क, आइसलैंड, स्वीडन ने शीर्ष स्थान हासिल किए हैं। इन सभी देशों में समाज समस्यामुक्त एवं काफी सुलझा हुआ है और विविधता वहां ज्यादा समस्याएं पैदा नहीं करती है। देखने की बात है कि खुशहाली की रिपोर्ट विगत एक दशक से भी ज्यादा समय से जारी हो रही है और पहली बार अमेरिका और जर्मनी जैसे विकसित देशों को शीर्ष 20 देशों में स्थान नहीं मिला है।

पाकिस्तान पिछली बार 108वें स्थान पर था, इस बार 122वें पर आ गया है, पर तब भी भारत से चार पायदान ऊपर है। जिस देश में खूब महंगाई है, जहां की जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है, जहां धार्मिक उन्माद व्यापक है, जो आतंकवाद को प्रोत्साहन देता है, वह देश भी अगर हमसे खुशहाल है, तो ऐसी खुशहाली मापने के तरीकों पर विचार होना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि खुशहाली को तय करने के पैमानों में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान को 122वें स्थान की रैंकिंग देना विडंबनापूर्ण एवं विसंगतिमय हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाती है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। यह विडंबना ही है कि धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। ऐसी अतार्किक सूची देखकर अफसोस एवं आश्चर्य भी होता है और चिंता भी होती है। क्या खुशहाली को धार्मिक और सामाजिक स्वतंत्रता के आधार पर ज्यादा नहीं देखा जाना चाहिए? खुशहाली को केवल आर्थिक समृद्धि और संसाधनों की अधिकता में घटाकर देखना सही नहीं है। खुशहाली की रैंकिंग को देखकर भारत को कतई भ्रमित नहीं होना चाहिए।

एक और विडंबना देखिए, निर्मम युद्ध लड़ रहा इजरायल पांचवां सबसे खुशहाल देश है! पीड़ित फलस्तीन 103वें स्थान पर है, तो रूस 72वें स्थान पर और यूक्रेन 105वें स्थान पर। ये देश युद्ध के बावजूद भारत से ज्यादा खुशहाल हैं। पता नहीं, इस रैंकिंग पर कितना भरोसा किया जाए? जहां तक भारत का सवाल है, खुशहाली के सभी पैमानों पर हमें अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। एक बड़ा सवाल यह भी है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं? यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निमार्ताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है।

भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों की कट्टरता एवं संकीर्णता भी खुशहाल समाज निर्माण की बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 126वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 56 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है।

खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं समस्याएं दी है। समस्याओं के घनघोर अंधेरों के बीच उनका चेहरा बुझा-बुझा है। न कुछ उनमें जोश है न होश। अपने ही विचारों में खोए-खोए, निष्क्रिय और खाली-खाली से, निराश और नकारात्मक तथा ऊर्जा विहीन। हाँ सचमुच ऐसे लोग पूरी नींद लेने के बावजूद सुबह उठने पर खुद को थका महसूस करते हैं, कार्य के प्रति उनमें उत्साह नहीं होता। ऊर्जा का स्तर उनमें गिरावट पर होता है। क्यों होता है ऐसा? कभी महसूस किया आपने? यह स्थितियां एक असंतुलित एवं अराजक समाज व्यवस्था की निष्पत्ति है। ऐसे माहौल में व्यक्ति एवं समाज खुशहाल नहीं हो सकता।

खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता के इस व्यूह को तोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी एवं प्रसन्न जीवन के लक्ष्य को आकार दिया है, उन्होंने गहन अंधेरों से देश की जनता को बाहर निकालते हुए विगत एक दशक में अपने कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद उकेरा है। भारत में युवा सबसे अधिक खुश हैं, जबकि निम्न मध्यमवर्गीय लोग सबसे कम खुश हैं।

# होली पर विशेष : मस्ती में सरोबार होकर मनाते हैं राजस्थान में होली

**होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है। भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है।**





रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमे पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूम-धाम से मनाते हैं। हाड़ोती क्षेत्र के सांगोद कस्बे में होली के अवसर पर नए हिजड़ों को हिजड़ों की जमात में शामिल किया जाता है। इस अवसर पर बाजार का न्हाण और खाड़े का न्हाण नामक लोकोत्सवों का आयोजन होता है। खाडे के न्हाण में जम कर अश्लील भाषा का प्रयोग किया जाता है।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। मेवाड अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती हैं। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं। शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्व है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी अंचल के हर गांव कस्बे में रात्रि में लोग एकत्रित होकर चंग की मधुर धुन पर देर रात्रि तक धमाल गाते हुए मोहल्लों में घूमते रहते हैं। होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है।

शेखावाटी अंचल में होली एक सुप्रसिद्ध लोक पर्व है तथा इस पर्व को क्षेत्र में पूरे देश से अलग ही ढंग से मनाया जाता है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शेखावाटी क्षेत्र में बसंत पंचमी के दिन से शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है। इन धमालों के माध्यम से जहां प्रेमी अपनी प्रेमिकाओं को अपने प्रेम का संदेशा पहुंचाते हैं वहाँ श्रद्धालु धमालों के माध्यम से लोक देवताओं को याद कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। धमाल के साथ ही रात्रि में नवयुवक विभिन्न प्रकार के स्वांग भी निकाल कर लोगों का भरपूर मनोरंजन करते हैं। गांवों में स्त्रियां रात्रि में चौक में एकत्रित होकर मंगल गीत, बधावे गाती हैं। होली के दिनों में आधी रात तक गांवों में उल्लास छाया रहता है।

राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हर मोहल्ले में अपनी चंग पार्टी होती है। चंग शेखावाटी क्षेत्र का प्रसिद्ध नृत्य है। इसमें प्रत्येक पुरुष चंग बजाते हुये नृत्य करते हैं। यह मुख्यतः होली के दिनों में किया जाता है। चंग को प्रत्येक पुरुष अपने एक हाथ से थाम कर और दूसरे हाथ से कटरवे का ठेका बजाते हुए वृत्ताकार घेरे में नृत्य करते हैं। घेरे के मध्य में एकत्रित होकर धमाल और होली के गीत गाते हैं। होली के एक पखवाडे पहले गींदड शुरू हो जाता है। जगह-जगह भांग घुटती है। हालांकि अब ये नजारे कम ही देखने को मिलते हैं।

# व्यंग्य : फाइव-जी युग की होली बोले तो...

विनोद कुमार विक्की

प्रह्लाद युग से पंच जी (5-जी) युग तक की होली के स्वैग में कितना कुछ बदलाव आया है, यह बताने के लिए होली के सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक आदि सहित बहुआयामी पहलुओं पर चर्चा आवश्यक है।

विज्ञान के दृष्टिकोण से देखा जाए, तो होली असीम ऊर्जा प्रदान करने वाला महापर्व है। होलियाना मिजाज को देखते हुए लाठी टेक कर चलने वाला पैंसठ वर्षीय बुढ़े जीजा भी अपनी दक्षता एवं कुशलता से फागुन में सोलह से बीस साल की युवा साली अथवा सड़हज का जुगाड़ कर लेते हैं, जबकि ताजा-ताजा बालिग हुआ नवयुवक मोहल्ले, टोले में भाभी जी का। होली के दौरान च्यवनप्राश का सेवन किए बिना ही गाँव के युवा से वयोवृद्ध तक के हाड़ मांस में अद्वितीय स्फूर्ति का संचार होने लगता है। अपनी आयु और औकात के अनुरूप टिन, चदरा, कनस्तर की धुन और फगुआ राग पर अपनी गायकी से संपूर्ण गाँव की भौजाई को रिझाने की जुगाड़ में लग जाते हैं। इनके रहस्यमयी इच्छा और शक्ति (इच्छा शक्ति) पर चिकित्सा विज्ञान भी अचंभित है। सांस्कृतिक दृष्टिकोण से होली को गीत-संगीत का महापर्व माना जा सकता है। कुकुरमुत्ते की तरह पनपने वाले क्षेत्र के इंडियन आइडल (लोक गायक) होली की आड़ में द्विअर्थी भोजपुरी गीत-संगीत को बकायदा भुनाने में लग जाते है। चौक चौराहे पर स्थित पान की दुकान, सैलून के स्वामी एवं टेम्पो चालक भौजी, साली की महिमा मंडित होली गीतों का प्रोमो तेज ध्वनि वाले ब्लूटूथ स्पीकर पर फाल्गुन आगमन के पहले से ही करने लगता है। भले ही फागुन के आगमन पर पेड़ से पत्ता झड़े, ना झड़े, आलस्य बढ़ाने वाली हवाएँ चले, ना चले, लेकिन द्विअर्थी गीत खूब चलते हैं। क्षेत्रीय गायक अपने धरोहर अश्लील गानों से सभ्य समाज में फगुनाहट का अहसास कराने में एड़ी चोटी का जोर लगा देते हैं। सामाजिक प्रभाव के तहत होली रिश्तेदारों के आपसी संबंध को प्रगाढ़ बनाता है। यह और बात है कि प्रगाढ़ता का अनुबंध सिर्फ जीजा-साली और देवर-भाभी पर ही लागू होता है। मजे की बात है कि सरकार ने अभी तक इस पर संज्ञान नही लिया है, अन्यथा नाम परिवर्तन की आड़ में अब तक इस पर्व को जीजा-साली, देवर-भौजाई वैश्विक रंग महोत्सव का नाम दे दिया गया होता। होली वात्सल्य और बाहुबल प्रदाता है। होली के दिन बंदा सामने से आ रहे हर काले, पीले रंग से पूते अथवा बाबा इलायची की तरह सिल्वर पेंटेड चेहरे को बिना पहचाने ही गले लगाने को आतुर दिखता है। आजीवन सहोदर को गले ना लगाने वाला भाई, पड़ोसी से टेढ़ा मुँह बात करने वाले फगुआ प्रेमी भी सस्ता नशा से अपने इंसानियत की डिस्चार्ज हो चुकी बैट्री को हंड्रेड परशेंट रीचार्ज कर डालता है और बंदा पुरे गाँव के बाशिंदों को गले लगा-लगा कर भाईचारा का टॉपअप मुफ्त में बाँटता फिरता है। बीपीएल समुदाय के फगुआ प्रेमी भी होली में रंग गुलाल खरीद गली मुहल्ले में फलां या ढिमका की जोरू को हैप्पी होली भौजी बोलकर होली की शुभकामनाएँ देने में व्यस्त रहता है। ड्राय स्टेट में फगुआ प्रेमी चोरका दारु का जुगाड़ लगाने का अथक प्रयास में लगा रहता है, तो कुछ बीपीएल कैटिगिरी के फगुआ प्रेमी भांग अथवा सस्ता नशा कर समाज, शासन और प्रशासन सहित समस्त संसार को ललकारने में लग जाता है। होली ज्ञान प्रदायिनी महापर्व है। कुछ मानवों को जल संरक्षण के दिव्य ज्ञान की प्राप्ति होली के दौरान होता है और वो वाटरलेस होली का ज्ञान बांचना शुरू करते हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि कब है होली का उद्घोष करने वाले रामगढ़ के आदरणीय गब्बर सिंह को भी होली का इंतजार उतनी बेसब्री से ना रहा होगा, जितना यूपी-बिहार में देवर, जीजा, शराबियों और भोजपुरी गायकों को रहता है। तो चलिए, बुरा ना मानो होली है के सार्वजनिक मंत्रोच्चार के साथ इस बहुआयामी महापर्व में बौराने का आनंद लिया जाए।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 24 मार्च, 2024
देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### लोजपा (रा) ने प्रखंड अध्यक्षों के साथ की बैठक

मुंगेर। जमुई लोकसभा क्षेत्र के तारापुर विधानसभा में लोक जनशक्ति पार्टी (रा) के तत्वाधान में पार्टी के मेन विंग के तारापुर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांचों प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक किया गया। बैठक में पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ स्तर तक की समीक्षा की गई।इस की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रा के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने की। उन्होंने बताया कि संगठन के सभी साथी मजबूती के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में जमुई लोकसभा के कर्मठ योग्य मृदुभाषी एवं लगनशील उम्मीदवार अरुण भारती को भारी से भारी बहुमत से जीतने का संकल्प लिया गया है।

### शराबी गिरफतार, भेजा गया जेल

बरियारपुर(मुंगेर) बारियारपुर रेलवे स्टेशन पहुंच पथ से एक शराबी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।रात्री गस्ती के क्रम मे रेलवे स्टेशन पहुंच पथ शराब के नशे मे धुत शराबी देखा गया। गस्ती दल ने अपने कब्जे में लेकर गहन पुछताछ करना प्रारम्भ किया तो अपना नाम कृष्णा मंडल पिता वावू साहेब सहनी घर पड़िया बताया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरियारपुर के चिकित्सकों ने शराब पीने की पुष्टी कर दिया। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत मे जेल भेजा गया।

### होलिका दहन और गर्मी के मद्देनजर आग से बचाव को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

नवगछिया (भागलपुर)। होलिका दहन एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला अग्निशमन कार्यालय नवगछिया के द्वारा विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत ग्राम पोखरिया वार्ड नंबर 4 गोपालपुर, ग्राम पोखरिया वार्ड नंबर 3 गोपालपुर, ग्राम मिल्की पंचायत ढोलबज्जा वार्ड नंबर 1, ग्राम जयरामपुर पंचायत ढोलबज्जा वार्ड नंबर 2, रेलवे स्टेशन परिसर नवगछिया, वैशाली होटल के पास वार्ड नंबर 2 नगर परिषद नवगछिया, ग्राम मोहनपुर पंचायत नारायणपुर वार्ड नंबर 2, ग्राम हरनाथ वार्ड नंबर 28 नगर परिषद नवगछिया, ग्राम नगरपाड़ा पंचायत नगरपाड़ा वार्ड नंबर 6, ग्राम नया टोला वार्ड नंबर 8 नवगछिया, टेंपो स्टैंड वार्ड नंबर 23, ग्राम भवानीपुर वार्ड नंबर 8 पंचायत भवानीपुर, नवगछिया में आम जनता के समक्ष होलिका दहन से संबंधित अग्नि सुरक्षा हेतु मॉक ड्रिल कराया गया एवं रेलवे स्टेशन परिसर नवगछिया, वैशाली होटल के पास, ग्राम भवानीपुर वार्ड नंबर 8 पंचायत भवानीपुर में ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा ग्रामीणों के बीच होलिका दहन से संबंधित क्या करें क्या ना करें ? इस बारे में प्रचार प्रसार किया गया और पंपलेट लीफलेट बाट कर लोगों को आग के प्रति जागरूक किया गया साथ ही विभिन्न जगहों पर होलिका संबंधित पंपलेट दीवार पर चिपकाया गया।

### होली को लेकर जारी हुआ संयुक्त आदेश जारी

भागलपुर। होली पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिला दंडाधिकारी भागलपुर डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से त्यौहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर 24 मार्च से 27 मार्च तक जिले के कुल 138 स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 से अधिक गस्त ड्यूटी के साथ क्षेत्र में दंडाधिकारी को लगाए गए हैं। वही कहलगांव अनुमंडल के 124 स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी और पुलिस बल लगाए गए हैं। भागलपुर शहरी क्षेत्र में 15 गस्ती दाल को लगाया गया है, साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगी, जिसका दूरभाष संख्या-0641-2402082 है। अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन को इसका वरीय प्रभारी बनाया गया है जिनका मोबाइल संख्या-7903620279 है। साइबर थाना द्वारा सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वर्ल्ड टीवी दिवस के उपलक्ष में जागरूकता रैली का हुआ भव्य आयोजन: सिविल सर्जन

प्रात: किरण ब्यूरो




भागलपुर। वर्ल्ड टीवी दिवस के उपलक्ष में जागरूकता रैली का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम के शुरूआत में जयप्रकाश नारायण सदर अस्पताल के यक्ष्मा सेंटर से रैली को भव्य रूप से झंडी दिखाकर सिविल सर्जन अंजना कुमारी ने क्षेत्र परिभ्रमण के लिए रवाना किया। रैली सदर अस्पताल प्रांगण से निकल कर घंटाघर के रास्ते से होते हुए आदमपुर चौक मार्ग से होकर निगम कार्यालय से होकर मुख्य रास्ते से समाहरणालय मुख्य द्वार के समीप से गुजरते हुए पुनः सदर अस्पताल पहुंच रैली का समापन हुआ। इस दौरान भागलपुर के सिविल सर्जन डॉ अंजना कुमारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. दीनानाथ, डॉ. मनोज कुमार चौधरी, डॉ. पंकज कुमार मनस्वी, डॉ. दीपशिखा, डब्लूएचओ के धीरज कुमार, रिच एनजीओ के प्रफुल्ल कुमार, जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के टीवी चेस्ट विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो./डॉ. शांतनु कुमार घोष, प्रो./डॉ. डी पी सिंह, डॉ. विनय कुमार व बरीय प्रयोगशाला प्राविधिक इंद्रजीत कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, अराधना कुमारी, नंदलाल मंडल मिथिलेश झा, राम रतन मंडल सहित जीएनएम स्कूल के सैकड़ों छात्राओं ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। वही दूसरी तरफ यक्ष्मा रोग की रोकथाम के लिए सबसे बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी, चिकित्सकों व लैब टेक्नीशियन कर्मचारियों को पुरुस्कृत किया गया। जिसमें डॉ. विनय कुमार, बरीय प्रयोगशाला प्राविधिक इंद्रजीत कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, अराधना कुमारी, नंदलाल मंडल मिथिलेश झा, राम रतन मंडल के अलावा दर्जनों चिकित्सा कर्मी शामिल थे। इस दौरान सभी सम्मानित कर्मियों के उत्साहवर्धन को लेकर शिविल सर्जन श्रीमती अंजना ने कहा कि देश के विश्व पटल पर जो टीबी रोग को लेकर लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे हर हाल में अपनी कड़ी मेहनत से पाना है, वही उन्होंने कहा कि रोगियों को स्वस्थ रखने व पोषण आहार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है जिसे सरकार द्वारा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयासरत हैं। इस मौके पर डॉ. दीनानाथ ने कहा कि घर व आसपास के क्षेत्र में सामान्य ज्ञान की कमी के कारण वर्तमान समय में विश्व यक्ष्मा रोग से पीड़ित मरीजों को मृत्यु के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। इस दौरान अपने संबंधित क्षेत्र के आसपास बहुत कुछ घटित होते हुए देखें है। हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि बीमारी के संकेतों और लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाई जा सके और वैश्विक स्तर पर घातक महामारी को खत्म करने के लिए कई आवश्यक कदम उठाए जा सकें। विश्व क्षय रोग दिवस 2024 का यह वह तारीख है जब डॉ. रॉबर्ट कोच ने 1882 में टीबी का कारण बनने वाले जीवाणु की खोज की घोषणा की थी। इसने टीबी रोग के निदान और इलाज का मार्ग प्रशस्त किया। जहां हानिकारक संक्रामक के कारण से टीबी जैसे घातक व जानलेवा बीमारी के शिकार हो रहे है, इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर सामाजिक व आर्थिक परिणामों से अवगत होते हुए इस रोग के बारे में जागरूकता फैलाने और विश्व स्तर पर टीबी महामारी को समाप्त करने के प्रयासों को गति देने के लिए 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है। वही उन्होंने कहा कि यह देखा गया है कि कोविड19 महामारी ने टीबी को खत्म करने की लड़ाई में हुई प्रगति को उलट कर रख दिया है। 2020 में टीबी से होने वाली मौतें पहली बार तेजी के साथ संख्या बढ़ी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2021 में 10.6 मिलियन से अधिक लोग टीबी से पीड़ित हुए और 1.6 मिलियन लोगों की मृत्यु हो गई। दूसरी ओर, 2000 के बाद से इस बीमारी को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों से 74 मिलियन लोगों की जान बचाई गई है। जिसे देखते हुए बिहार स्तर पर चिकिसक, कर्मचारियों के सहयोग से चिन्हित लक्ष्य को हर हाल में 2025 तक अपनी कड़ी मेहनत लगनशीलता के साथ टिबी मुक्त बिहार बनाना है।

# केंद्र की मोदी सरकार सत्ता के नशे में है चूर: जिलाध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। देश की राजनीति में पहली बार दिल्ली के वर्तमान मुख्यमंत्री पद पर काबिज हुए आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से पूरे देश विदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनकी गिरफ्तारी के बाद देश भर में पार्टी के कार्यकर्ताओं में देश के विश्वसनीय संस्थान के साथ साथ न्याय पालिका पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी कड़ी में भागलपुर जिला के आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोशित दिख रहे हैं। वही आक्रोश व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीनियर सत्येंद्र ने अपने कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता के नशे में चूर है और पूरे भारत में जितने भी विपक्षी सरकार के लोगों को अपने राजनीतिक बल का दुरुपयोग कर तंग व तबाह करने में जुटी हुई है। वही अपने राजनीतिक बल का गलत तरीके से इस्तेमाल कर दिल्ली के लोगो के विश्वसनीय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवाने के मंसूबों को पूरा करने पर जोड़ दिया है। इसी कड़ी में विगत दिन पूर्व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने की साजिश रचने के साथ उनकी भी गिरफ्तारी अपनी तानाशाही नीति के दृश्य से पूरी दुनिया को प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया था। केंद्र की सरकार अपनी मनमानी कर अवैध रूप से वसूली की मुहिम चलाने के साथ साथ अपने विरोधियों को दरकिनार करने पर जोड़ दे रही है। लेकिन आम आदमी पार्टी उनके इस मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी। पूरे देश भर में धर्मबद्ध रूप से अपनी आवाज बुलंद कर देश की जनता के बीच भाजपा की सरकार के घिनोनी साजिश को बताने के साथ न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल को न्याय नहीं मिलेगा। वही उन्होंने कहा कि उनके न्याय हक व अधिकार को लेकर आंदोलन को और धारदार बनाने में अपना अहम भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पास एक भी विभाग नहीं था। बावजूद उन पर शराब नीति घोटाले का आरोप लगाया गया है। यह एक साजिश के तहत किया गया है, जिससे आने वाले समय में लोकसभा के आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी हार को देखते हुए यह लोकतंत्र के साथ घिनोना कार्य कर रहे हैं। जिसे लेकर जनता सब कुछ समझ चुकी है, वही आने वाले समय लोकसभा चुनाव में देश की जनता करारा जवाब देने का काम करेगी। इस मौके पर पार्टी के सैफुल इस्लाम जिला सह प्रभारी अनुज सिंह, विधानसभा प्रभारी बाबुल विवेक सुल्तानगंज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# होली मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। जीवन जागृति समिति भागलपुर इकाई द्वारा होली त्यौहार की पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। इस दौरान शहर के कई गणमान्य, शिक्षाविद, व समाज सेवी संगठन के साथ-साथ जीवन जागृति सोसायटी के दर्जनों पदाधिकारी व कमीयों ने एक दूसरे को अमीर-गुलाल लगाकर जमकर होली खेलने के साथ ही उपस्थित लोगों ने होली के गीत को अंगिका व फिल्मी अंदाज में ढोलक व झाल के बीच नाचते झूमते दिख रहे थे। वही सोसायटी के सदस्यों ने आगामी होली त्यौहार को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की आम लोगों से अपील करते हुए होली की शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर जीवन जागृति समिति के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, सचिव सोमेश यादव, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार रजक, पूर्व मेयर बीना यादव, डॉ. बी के जैसवाल के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

# होलिका दहन से संबंधित सावधानियों के बारे में लिखित पंपलेट किया वितरण

प्रात: किरण संवाददाता।



भागलपुर। होली त्यौहार को लेकर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में होलिका दहन के दौरान अप्रिय घटना के बचाव कार्य की दिशा में अग्निशमन सुरक्षा के मद्देनजर जिला भूमि सुधार उप समाहर्ता कहलगांव के द्वारा होलिका दहन के सावधानी में क्या करे क्या न करे के संदेश छपी हुई पम्प लेट चस्पा किया गया। इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय गेट के अलावा अनुमंडल के भारती इंडियन व ग्रामीण एकचारी में ग्रामीणों के बीच फायर ऑडिट एवं मॉक ड्रिल कर लोगों को जागरूक करने के साथ पंपलेट वितरण किया गया। इसी क्रम में बुधुचक व पंचायत मोहनपुर गौघट्टा, वार्ड नं. 16, व पंचायत मोहनपुर, गौघट्टा वार्ड नंबर 15 के साथ साथ ग्राम हुकमा, व पंचायत धुआबै के वार्ड नंबर 13 के अलावा भंडारीडीह पंचायत स्थित आरार के वार्ड नंबर 1 में थाना सनोखर द्वारा जागरूक किया गया। इसके अलावा फायर स्टेशन कहलगांव के द्वारा बाखरपुर पूर्वी वार्ड नं. 7 व पश्चिमी वार्ड नंबर 11 में थाना बाखरपुर द्वारा होलिका दहन पर आग की सावधानि बचाव कार्य में जागरूक किया गया। वही दूसरी तरफ शहरी क्षेत्र अन्तर्गत मुजाहिद्पुर थाना द्वारा गुढ़हटा चौक, पिस्ता मोर, व अलीगंज डीवीसी क्षेत्र में थाना बबरगंज के द्वारा चिन्हित स्थलों पर जागरूक करने के सहयोग किया गया। इसके अलावा गुरहटा चौक पर थाना मुजाहिद्पुर पुलिस टीम द्वारा होलिका दहन से संबंधित सावधानियों के बारे में बताया गया साथ ही क्षेत्र के कई हिस्से में बचाव संदेश के स्लोगन लिखवाया गया है। वही दूसरी तरफ विभागीय कर्मियों ने होलिका दहन के समय अग्नि सुरक्षा मे क्या करे क्या न करे सावधानी संदेश के बारे मे पम्प लेट की व्यवहार न्यायालय के गेट पर आम लोगों की जागरूकता के उद्देश्य से चिपकाया गया। तो वही जगदीशपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बैजानी के साथ साथ पंचायत बैजनी वार्ड नंबर 6 व पिस्ता पंचायत बैजनी के वार्ड नंबर 9 में बाईपास थाना द्वारा होलिका दहन से संबंधित सावधानियों के बारे में बताया गया और पंपलेट वितरण किया। साथ ही शहर से सटे नाथनगर थाना क्षेत्र के मुरारपुर चौक, वार्ड नंबर 5, भुआवलपुर, बसंतपुर, दोगची व वार्ड नंबर 12, में होलिका दहन से संबंधित सावधानियों के बारे में बताया गया तथा इससे संबंधित पंपलेट का वितरण कर जगह-जगह पर चस्पाया गया। वही शहरी इलाकों में आम लोगों के बीच कोतवाली थाना द्वारा जागरूकता के उद्देश्य से खलीफाबाग चौक पर होलिका दहन से संबंधित सावधानीयो के बारे में सभी लोगों को जागरूक किया गया तथा आग के संबंधित मॉक ड्रिल किया एवं पंपलेट का वितरण कर जगह जगह चिपकाया गया है। वही दूसरी ओर लोदीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम विशनपुर, बाईपास चौक, पंचायत विशनपुर व जिच्छो गांव इलाके में कई जगह पर लोदीपुर थाना द्वारा होलिका दहन से संबंधित सावधानियों के बारे में बताया गया और पंपलेट वितरण किया गया।

# होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न: थानाध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। औद्योगिक प्रक्षेत्र के जीरो माइल थाना प्रांगण में होली त्यौहार पर विधि व्यवस्था बनाए जाने को लेकर स्थानीय शांति समिति सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से बैठक की। बैठक की सुरुआत थानाध्यक्ष मुरलीधर साह की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर जारी आदेशो का हवाला देते हुए होली के त्यौहार को शांति व सौहाद्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने की अपील की। वही बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभात रंजन, अंचलाधिकारी सौरभ कुमार, जिला परिषद सदस्य जयप्रकाश मंडल, मुखिया ग्राम पंचायत बरारी जयकरण पासवान एवं अन्यगणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान थानाध्यक्ष व उपस्थित जनप्रतिनिधि के द्वारा निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में त्यौहार पर डीजे पूर्णतः प्रतिबंध रहेगी जो भी हुड़दंग करेगा उन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। क्योंकि दो समुदाय का पर्व एक साथ देखने को मिल रहा है। इसलिए जगह जगह पर पुलिस की भी तैनाती की जाएगी। वही थानाध्यक्ष के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधि को बताया गया कि ऐसे कोई भी विवाद को जिसमें छोटे मामले से संबंधित जुड़ा हुआ हो तो उसे अपने आपको उस जगह पर खड़े रहकर खुद सुलझा लेना है, बड़ा कोई मामला हो तो उसके लिए तुरंत थाना में फोन कर सूचना देने की अपील की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भरोसा दिलाया है कि क्षेत्र में किसी भी तरह की गतिविधियों को उतपन्न नही देंगे और प्रशासन के सहयोग के लिए हमेशा ततपर्य रहेंगे।

## मतदान केंद्रों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

भागलपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर चुनाव शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष संपन्न करवाने को लेकर भागलपुर प्रमंडलय के आयुक्त दिनेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक विवेकानंद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, उप विकास आयुक्त कुमार अनुराग, सहायक समाहर्ता श्वेता भारती, अनुमंडल पदाधिकारी कहलगांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कहलगांव के अलावा स्थानीय पदाधिकारी के साथ कहलगांव अनुमंडल परिक्षेत्र के मध्य विद्यालय श्यामपुर सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान तिथि के साथ साथ मतदाताओं को उपलब्ध कराए जाने वाले एएमएफ (सुनिश्चित बुनियादी सुविधाएं) का अवलोकन किया।

# कांग्रेसियों ने हल्लाबोल प्रदर्शन के साथ प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। पूरे देश भर में राजनीति सरगर्मी तेज हो गई है, कई दल के नेता अपने अपने तरीके से जनता के बीच अपनी छबी को बेहतर साबित करने की होड़ में लगी है। इन सब के बीच आज देश में लोकतंत्र आज खतरे में चल रहा है। केंद्र की तानाशाह भाजपा के सरकार ने ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स व मीडिया को अपने अधीनस्थ सेवा में लगा दिया गया है, वही न्याय के पवित्र स्थलों को भी अछूता नहीं छोड़ा है। भाजपा के सरकार में आज के चुनावी दौर में इलेक्शन कमीशन लोकतंत्र के विरुद्ध एक पक्षी अभयारण्य की नीतियों के साथ कार्य कर रही हैं। चुनाव को लेकर भाजपा के इशारे पर सभी एक जुट होकर अपने विरोधियों पर हमला करते हुए भारत के सबसे लोकप्रिय भारतीय कांग्रेस पार्टी के सभी तरह के दाव अपने के साथ उनके बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है, आज देश में आचार संहिता लागू हो चल रही हैं लेकिन निर्वाचन आयोग कुछ नहीं बोल रहा है। देश में पहली बार चुनाव के दौरान नेताओं को भाजपा अपने रास्ते से हटाने के लिए जेल भेजने के मुहिम में देश के सभी विश्वसनीय संस्थान के साथ एक जुट होकर कार्य करती हुई दिख रही हैं। इसी कड़ी में भारतीय युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय कांग्रेस, एनएसयूआई, समेत कांग्रेस पार्टी के तमाम अन्य संगठनों का बैंक खाता केंद्र के गुंडा भाजपा सरकार द्वारा फ्रिज करवा दिया गया है।

## 11 मई को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा : सचिव

मुंगेर(प्रातः किरण ब्यूरो)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मुंगेर के तत्वावधान में आगामी 11 मई 2024 को पूर्वाह्न दस बज कर तीस मिनट से ए.डी.आर. भवन सहित व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय फौजदारी वाद, एन.आई. एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत वाद, धन वसूली वाद, बैंकिंग, बीमा, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण वाद, श्रम संबंधी मामले, उत्पाद से संबंधित वाद, बिजली और पानी के बिल संबंधि मामले, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर ), भूमि अधिग्रहण के मामले, सेवा वाद (वेतन, भत्ता एवं सेवानिवृत्ति से संबंधित मामले), राजस्व वाद (केवल जिला न्यायालयों एवं उच्च न्यायालयों में लंबित), अन्य दीवानी मामले (किराया , सुखाधिकार , निषेधाज्ञा वाद, विनिर्दिष्ट कार्य वाद), वन अधिनियम, अन्य सुलाहनीये वादों प्रीलिटीगेशन तथा पोस्ट प्रीलिटीगेशन से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

# अंचल अधिकारी की अध्यक्षता में बरियारपुर थाना में जनता दरबार का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। भुमि विवादों से जुड़े मामले के निश्पादन के लिए बरियारपुर थाना प्रांगण में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी रबिना गुप्ता ने किया सहयोग पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार लेखा लिपिक राजस्वकर्मी अमित कुमार ने किया।इस अवसर पर रतनपुर पंचायत के बिपीन राय ने अपने आवेदन देते हुए कहा कि मेरी रैयती जमीन पर सांसद निधि योजना से वाय जवरन पी सी सी सडक निर्माण किया गया है। विरोध करने पर हमारे परिवारों के सदस्यों के साथ बेरहमी से पीटाई किया गया। इसकी सुचना बरियारपुर थाना को मोबाइल से दी गई कारवाई नदारत देख श्री मान के समक्ष उपस्थित हो फरियाद रखी गई है। इधर कुमार पुर निवासी मोती पासवान वनाम नेपाली पासवान के बीच जमीनी विवादों को अगली तिथि पर सभी कागजातों के साथ उपस्थित होने के आदेशों के साथ बुलाया गया है । दोनों पक्षों को सक्त हिदायत देते हुए कहा गया है कि किसी तरह के विवाद नही होनी चाहिए। नीरपुर गांव के अनील कुमार सिंह वनाम दिनेश मंडल के बीच जमीनी विवादों को अगले आदेश तक पूर्वत रहने की हिदायत कर कहा कि आप दोनों पक्षों द्वारा मुल प्रति अवलेखो के साथ स्वदेह उपस्थिति दर्जकर हमे बताया जाय जमीन के भौतिक स्थिति क्या है।

## इंटर के रिजल्ट देखने हेतु शहर के कैफे में छात्र-छात्राओं का जुटी भीड़

तारापुर (मुंगेर)। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा जारी इंटरमीडिएट के रिजल्ट को अपने-अपने डिवीजन को देखने के लिए शहर के लगभग सभी कैफे एवं अपने निजी मोबाइल पर छात्र एवं छात्राओं की भीड़ देखते ही देखते जुट गई । गौरतलब है कि इंटरमीडिएट परीक्षा फल को देखने के लिए सर्वप्रथम छात्र एवं छात्राओं ने सिर्फ अपना डिवीजन ही देख पाया । छात्र रिया सिंह छात्र सूरज कुमार इत्यादि ने बताया कि रिजल्ट जारी होने के बाद नेट काफी स्लो हो चुका है , जिसमें डिवीजन के अलावे अंक का पता नहीं चल पा रहा है। सरवर सामान्य होते ही अंक और प्रतिशत का पता चल जाएगा । रंगों का त्यौहार होली के मौके पर रिजल्ट की घोषणा होते ही त्योहार के दो दिन पहले से ही उत्साहित छात्र एवं छात्राएं अपने अपने मित्रों एवं परिवार के साथ होली की रस्म में सराबोर हो उठे ।

# क्षेत्रीय मतदाता ने किया हल्लाबोल प्रदर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। इन दिनों पूरे देश में चुनावी बिगूल बज गया है। इन सब के बीच कई राज्यों में राजनीति के क्षेत्र में जगह जगह मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर जिला प्रशासन, समाजसेवी व एनजीओ, आंगनबाड़ी, आशा, एएनएम व एनजीओ के साथ साथ शिक्षाविद कर्मियों के अलावा स्कूल व कॉलेज स्तर पर वोटिंग प्रतिशत वृद्धि हेतू मतदाताओं को मतदान करने की लगातार मुहिम चल रही हैं। लेकिन इन सब के विपरीत दक्षिणी क्षेत्र इलाके के लोग काफी आक्रोशित दिख चल रहे हैं। वही इलाके के हजारों मतदाता एक जुट होकर वोट बहिष्कार करने का निर्णय ले लिया है। दरअसल दक्षिणी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हमें अगर भोलानाथ ओवरब्रिज से पहुंच पथ मार्ग सुविधाओं का लाभ से स्थानीय प्रशासन व राजनीतिक दलों के लोगों द्वारा वंचित कर दिया गया है और उक्त मार्ग सुविधा अगर मुहैया नहीं कराया जाता है तो हम लोग वोट करने का औचित्य क्या है, हम सभी क्षेत्रीय लोगों ने एकमत से वोट बहिष्कार करने को बाध्य हैं। हम लोग इस चुनाव में वोट नहीं देंगे ये संकल्पित है। वही दक्षिणी क्षेत्र इलाके के अवस्थित हजारों लोगों कि पहुंच पथ ओवरब्रिज निर्माण की मांग बरसों से करते चले आ रहे है और यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा क्षेत्रीय लोगों के लिए बनता चल रहा है। वही अब देखने वाली बात यह होगी कि इन हजारों लोगों की उठी मांग को जिला प्रशासन द्वारा क्या रणनीति तैयार कर लोगों के भरोसे को अपने पाले में कर कैसे मनवाने के काम करती है या फिर आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मुहाने पर खड़े इस चुनावी दौर में क्या दक्षिणी क्षेत्र के लोग वोट बहिष्कार पर अडिग रहेंगे इन सवालों को लेकर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बनता दिख रहा हैं।

## विद्यालय प्रांगण में भैया बहनों के साथ आचार्य ने भी खेली होली

नवगछिया (भागलपुर)। स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर बलाहा नारायणपुर के प्रांगण में नामांकित बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा जारी की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सिंह, संरक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव एवं प्रधानाचार्य शिव शंकर प्रसाद सिन्हा की उपस्थिति रही थी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी भैया, बहनों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय आचार्य के द्वारा विद्यालय के लिए सराहनीय कार्य करने वाले सभी आचार्य को भी पुरस्कृत किया गया। साथ ही होली के पूर्व संध्या पर आचार्य एवं दीदी सहित सभी भैया, बहन एक साथ जमकर होली मनाये एवं सभी हर्षोल्लास के साथ विद्यालय से अपने घर की ओर प्रस्थान किये।

# राजनेता डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और शाहिद ए आजम भगत सिंह का एक साथ मनाया गया शहादत दिवस

प्रात: किरण ब्यूरो



मुंगेर। मंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के बैनर तले स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक, महान समाजवादी राजनेता डॉ राम मनोहर लोहिया का 114 वां जन्मदिवस एवं देश की आजादी के लिए अपना प्राण निछावर करने वाले शाहिद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का 93 वां शहादत दिवस एक साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने किया। संचालन मोर्चा के सह संयोजक शकील अहमद ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित नरेश सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम एक ऐसे सपूत का जन्म दिवस मना रहे हैं जिन्होंने जीवन पर्यंत समता मूलक समाज के लिए संघर्ष करते रहे वह चाहते थे कि मानव मानव के बीच कोई असमानता न रहे। हर व्यक्ति का धर्म, जाति से ऊपर उठकर आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास हो। उनका नारा था सब जन समान हो सब जन का मंगल हो। इस अवसर पर अपने संबोधन में वरिष्ठ नेता प्रभात कुमार मिश्रा ने कहा कि लोहिया जी अपने राजनीतिक जीवन काल में कॉल मार्क्स, महात्मा गांधी एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों से काफी प्रभावित थे। अतः उन्होंने देश की आजादी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए कांग्रेस में रहते कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी का गठन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर रेल बचाओ जमालपुर बचाओ मोर्चा के संयोजक अशोक कुमार मंडल ने कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार चरम पर है भारतवासी धर्म के नाम पर एक दूसरे से नफरत करते हैं ऐसी स्थिति में भगत सिंह की प्रासंगिकता काफी बढ़ जाती है। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा डॉ लोहिया विश्व नागरिकता का सपना देखा करते थे वह मानव को एक देश का नहीं बल्कि विश्व का नागरिक मानते थे।

# स्टेशन के बाहर ऑटो टोटो पार्किंग स्थल का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। नारायणपुर क्षेत्र के लोगों और विशेष रूप से यात्रियों की बहुप्रतीक्षित मांग आज रेलवे स्टेशन नारायणपुर में पार्किंग स्थल व ऑटो स्टैंड की शुरूआत के साथ शुभारंभ हो गई, जिससे आगंतुकों व यात्रियों को अपने गंतव्य की ओर आगे की यात्रा में सुविधा होगी। इस पार्किंग स्थल के अनुज्ञप्तिधारी भगवान प्रसाद यादव ने नवगछिया पत्रकार बसंत कुमार, नवीन पटेल, नारायणपुर रेलवे स्टेशन अधीक्षक सहित दर्जनों लोगों की उपस्थिति में पुरोहित सुनील कुमार झा के द्वारा पार्किंग स्थल पर पूरे विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा का मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के बाद संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा नारियल तोड़कर पार्किंग स्थल ऑटो स्टैंड का उद्घाटन किया। वही मौके पर पत्रकार बसंत कुमार ने कहा कि पार्किंग स्थल बनने से लोगों और विशेष रूप से यात्रियों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी हो गई है, जिन्हें केवल ऑटो, टोटो या अन्य वाहनों में चढ़ने के लिए दूरी पैदल तय करनी पड़ती थी। पूरा कर लिया गया है। वही ऑटो टोटो चालक सरकारी नियमानुसार यात्रा स्लिप लेकर उचित किराया देकर पार्किंग स्थल से गंतव्य की ओर खुलेंगे। इसके लिए तीन वर्कर बहाल किया गया है। बता दें कि इस ऑटो पार्किंग की शुरूआत होने से लोगो की प्रमुख समस्या मधुरापुर बाजार में हमेशा लगने वाले महाजाम से लोगों को निजात मिलेगा। गौरतलब हो कि नारायणपुर में कही भी पार्किंग स्थल नही रहने के कारण सैकड़ो ऑटो टोटो मधुरापुर बाजार की सड़कों पर लगाई जाती थी। वही इस बाजार के रेल सम्पार के समीप सैकड़ो वाहन खड़ी होती थी। जिसे अब नारायणपुर रेलवे स्टेशन के बाहर दोनो तरफ पार्किंग स्थल पर लगाना है। यत्र तत्र बाजार को सड़कों पर वाहन लगाने वाले चालको पर जुमार्ना लगाया जाएगा। वही रेलवे अधिकारियों से यात्री स्टेशन परिसर के बाहर बंद पड़े शौचालय को जल्द चालू करने का अनुरोध लोगों ने किया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### डीजे बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर हमला, 20 लड़कों ने ईंट-पत्थर बरसाए; एसआई की यूनिफॉर्म फाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद के सेक्टर-86 में गुरुवार देर रात डीजे को बंद कराने पहुंची पुलिस टीम पर करीब 20 युवकों ने हमला कर दिया। युवकों ने जमकर ईंट-पत्थर बरसाए। पुलिस की सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। हमले में तीन पुलिसकर्मियों को चोटें आई। एक उप-निरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) की वर्दी फाड़ दी गई। खेड़ीपुल थाना की पुलिस मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार खेड़ीपुल थाना में तैनात उप-निरीक्षक कृष्ण ने अपनी शिकायत में बताया कि गुरुवार रात वह ड्यूटी पर थे। इस दौरान रात करीब 12.20 बजे एक सूचना मिली कि सेक्टर-86 स्थित रॉयल स्वीमिंग पूल पर 15-20 लड़के शराब पी रहे हैं। तेज आवाज में डीजे बजाकर शोर कर रहे हैं। इससे आसपास रह रहे लोगों को दिक्कत हो रही है। उप-निरीक्षक कृष्ण के अनुसार सूचना मिलते ही वह अपनी टीम में शामिल कांस्टेबल मोहित, एसपीओ महाबीर के साथ ईआरवी से मौके पर पहुंचे। डीजे बंद करने को कहा तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। उप निरीक्षक पर पर लात-घूसे बरसाने लगे। तत्काल ड्यूटी अधिकारी अय्यूब खान को सूचना दी। पुलिस के अनुसार जांच में सामने आया है कि स्वीमिंग पुल को किराये पर अमन नामक युवक चला रहा है। पीड़ित ने उस पर भी कार्रवाई करने की मांग की है। खेड़ीपुल थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र ने बताया कि मामले में तीन आरोपियों को काबू किया गया है। बांकी की तलाश की जा रही है। आरोपियों की तलाश में क्राइम ब्रांच और थाना की टीम जुटी है। आरोपियों ने पुलिस पर दबाव बनाने के लिए ईंट-पत्थर बरसाने लगे। इसमें उप-निरीक्षक कृष्ण, कांस्टेबल मोहित और एसपीओ महाबीर को चोटें आईं। इसके बाद सभी ने पुलिस को सूचना देकर और पुलिस कर्मियों को बुलाया। तबतक आरोपी ईंट-पत्थर बरसाते हुए मौके से फरार हो गए। खेड़ीपुल थाना की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आखिरकार तुम कामयाब हो गए....नोट लिख फंदे पर झूली महिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद के राहुल विहार में ससुरालियों के तानों से परेशान महिला ने गुरुवार रात फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जान देने से पहले महिला ने सुसाइड नोट में आपबीती लिखी। क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस का कहना है कि पति और सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मूलरूप से सहारनपुर के रहने वाले राजपाल क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र के राहुल विहार इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। उनकी शादीशुदा बेटी शुभांषी भी घर से कुछ दूरी पर अपनी ससुराल में रहती थी। राजपाल का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2015 में बेटी शुभांषी की शादी अशोक के साथ की थी। अशोक का भाई धर्मेन्द्र पूर्व पार्षद है। शादी के नौ वर्ष बीत जाने के बावजूद शुभांषी के कोई संतान नहीं थी। जिसके चलते ससुराल पक्ष के लोग उसे ताने मारते थे तथा साथ ही दहेज के लिए भी उसे प्रताड़ित करते थे। इन्हीं कारणों से शुभांषी डिप्रेशन में चली गई थी। गुरुवार रात शुभांषी ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। जानकारी होने पर पति और ससुराल पक्ष के लोग उसे फंदे से उतार कर नोएडा स्थित फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम नोएडा पुलिस द्वारा कराया गया है। जिसमें शुभांषी द्वारा फांसी लगाए जाने की पुष्टि हुई है। एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि मृतका के पिता राजपाल की शिकायत के आधार पर पति अशोक कुमार, सास महेंद्री देवी, ससुर दौलतराम, जेठ धर्मेन्द्र, जेठानी मीनल और देवर दीपक कुमार के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, शुभांषी के पति अशोक ने घटना की जानकारी दी और एक सुसाइड नोट भी पुलिस को सौंपा। इसमें शुभांषी ने लिखा है कि वह कई दिनों से तनाव में थी। संतान न होना जीवन का सबसे बड़ा दुख है। संतान न होने को लेकर ससुराल वाले और खासतौर पर जेठानी तंज कसती रहती थीं। परिजनों के मुताबिक अशोक काफी समय से बेरोजगार था। हाल ही में उसकी नौकरी लग गई थी।

# गाजियाबाद से सिर्फ एक बार महिला बनी सांसद, भाजपा ने कभी नारी शक्ति को नहीं दिया टिकट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूं तो हर राजनीतिक दल देश की सियासत में महिला आरक्षण की वकालत करता है, मगर जिक्र जब गाजियाबाद लोकसभा सीट का हो तो ये बात पूरी तरह बेमानी साबित होती है। आजादी के बाद से अबतक हुए लोकसभा चुनावों में केवल एक बार ही कांग्रेस की कमला चौधरी ने बतौर सांसद जिले का प्रतिनिधित्व किया है, जबकि देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा से कभी किसी महिला को मैदान में नहीं उतरने का मौका नहीं मिला। देश की आजादी के बाद इस सीट पर अबतक 16 लोकसभा चुनाव हुए हैं।

शुरुआती दौर से ही गाजियाबाद सीट पर पहले कांग्रेस और फिर भाजपा का दबदबा रहा है, जो अभी तक कायम है। इन 16 चुनावों में से सिर्फ एक बार ही कांग्रेस की कमला चौधरी ने भारतीय संसद में बतौर सांसद गाजियाबाद का प्रतिनिधित्व किया है। भाजपा के अलावा कई दलों ने महिलाओं को लोकसभा चुनाव मैदान में उतारा, मगर किसी को भी जीत नसीब नहीं हुई। गाजियाबाद से पहली और अबतक की आखिरी महिला सांसद होने का गौरव कमला चौधरी के ही नाम है। कमला चौधरी 1962 में चुनाव जीतकर सांसद बनीं थीं। सबसे पहला चुनाव 1957 में हुआ तब गाजियाबाद सीट हापुड़ लोकसभा के नाम से हुआ करती थी। 1957 में हुए चुनावों में इस सीट से कांग्रेस के कृष्ण चंद्र सांसद बने। उसके बाद 1962 में हुए दूसरे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने कमला चौधरी को मैदान में उतारा। इस चुनाव में अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय नसीम मोहम्मद को 28,633 वोट से मात देकर कमला चौधरी सांसद बनीं। उस समय कमला चौधरी को 81,999 और नसीम मोहम्मद को 53,366 वोट मिले।

1967 के अगले चुनावों में कांग्रेस ने एक बार फिर कमला चौधरी पर दांव खेला, मगर निर्दलीय प्रकाश वीर शास्त्री से हार गईं। इसके बाद 1971,1977 और 1980 में किसी भी दल ने महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। इसके बाद भी लगभग ऐसी ही स्थिति रही। अबतक हुए आधे से ज्यादा चुनावों में सत्ता संग्राम के इस चुनावी मैदान में महिलाओं को उतारना किसी भी दल ने मुनासिब नहीं समझा। साल 1996 में कांग्रेस की रीता चौधरी समेत तीन महिलाएं मैदान में थी, मगर जीत भाजपा के डॉ. रमेश चंद्र तोमर को मिली। 1998, 1999 और 2004 में हुए चुनावों में भी प्रमुख दलों से कोई महिला उम्मीदवार नहीं रहीं। 2004 तक जो सीट हापुड़ के नाम से थी वह परिसीमन के बाद 2009 में गाजियाबाद नाम से हो गई। इसके बाद 2014 में आम आदमी पार्टी से शाजिया इल्मी और 2019 में कांग्रेस की डॉली शर्मा चुनाव लड़ीं मगर जीत नहीं मिली।

गाजियाबाद में कुल 29,38,845 मतदाता हैं। इसमें 16,22,869 पुरुष और 13,15,782 महिलाएं हैं। इस हिसाब से पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में बहुत अंतर नहीं है, मगर फिर भी प्रमुख दलों ने टिकट देने के मामले में महिलाओं को हाशिए पर रखा। यहां तक की देश के सबसे बड़े सत्तासीन दल भाजपा ने तो एक बार भी गाजियाबाद सीट से किसी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। कांग्रेस से मौके मिले, मगर जीत नहीं। जिन दूसरे दलों ने महिलाओं को टिकट दिया उन्हें भी जीत नसीब नहीं हुई। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के टिकट पर गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए अभी तक कोई उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हालांकि कौन प्रत्याशी होगी इसका अंतिम फैसला पार्टी मुख्यालय से होगा। कयास लगाए जा रहे है कि पार्टी इस बार अपने मूल कैडर वोट के सहारे मैदान में उतरेगी।

## देश की पहली लिथियम खदान छत्तीसगढ़ के कोरबा में, यहां 80 फिट नीचे मिला लिथियम का भंडार



**कोरबा, एजेंसी।**
देश में पहली बार लीथियम खदान खुलने जा रही है यह खदान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में खोली जा रही है। कोरबा जिले के ग्राम घुचापुर के आसपास के 250 हेक्टेयर क्षेत्र में लिथियम पाए जाने की पुष्टि जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने की थी। इस इलाके में लिथियम पाए जाने के बाद केंद्रीय खान मंत्रालय ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस खदान को कमर्शियल माइनिंग के क्षेत्र में रखा गया है। जिसके तहत खदानों को निलामी करते हुए केंद्र सरकार निजी कंपनी को सौंपती है। छत्तीसगढ़ के कटघोरा के लिथियम ब्लॉक के लिए कई कंपनी ने बोली लगाई है। इनमें ओला, वेदांता, जिंदल, श्री सीमेंट, अडाणी समूह, अल्ट्राटेक सीमेंट सहित कई बड़ी कंपनियां शामिल है।

कटघोरा में खुला पहला लिथियम खदान

छत्तीसगढ़ के कोरबा में लीथियम की पुष्टी के बाद से लगातार लीथियम खदान के खुलने को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। माना जा रहा था यह कार्य साल 2024 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। अब केंद्रीय खान मंत्रालय ने नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। इस प्लांट को लेकर अभी सफल बोलीदाता का नाम सामने नहीं हैं। इस प्रक्रिया के बाद लिथियम के कटघोरा लिथियम ऋश्वश्व ब्लॉक के लिए कंपोजिट लाइसेंस दिया जा रहा है। जिसे लेकर परीक्षण और खनन दोनों का ही अधिकार शामिल किया जाएगा। बतादें कि छत्तीसगढ़ के कटघोरा में पहला लीथियम प्लांट लगाने के साथ ही कश्मीर के रियासी में भी लिथियम ब्लॉक की शुरुआत की जा रही है। इन दोनों जगहों को लेकर नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पहले इसको लेकर नीलामी में लगाई बोली में समुचित बोलीदार आगे नहीं आए, जिसके कारण एमएसटीसी पोर्टल पर चल रही इसकी ऑनलाइन नीलामी को रोक दिया गया था। बतादें कि लिथियम की खदान शुरू होने पर कोरबा ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश में भी समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। यह इलाका मैदानी है, जिससे यहां कई सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ की कानून व्यवस्था भी अच्छी है। यही कारण है कि यह निवेशकों के लिए भी आदर्श राज्य माना गया।

## हिमाचल में उपचुनाव के नतीजों पर टिकेगा सुक्खू सरकार का भविष्य




**शिमला, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार से नाखुश चल रहे तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे ने पहाड़ी राज्य की सियासत में फिर गर्माहट ला दी है। हमीरपुर से आशीष शर्मा, नालागढ़ से केएल ठाकुर और देहरा से होशियार सिंह भाजपा का दामन थामेंगे। हालांकि विधानसभा स्पीकर ने अभी तक इनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। भाजपा इन्हें अपना उम्मीदवार घोषित कर उपचुनाव लड़ाएगी। कांग्रेस से बागी हुए छह विधायक पहले ही अयोग्य ठहराए जा चुके हैं। उनकी भी भाजपा में शामिल होने की तैयारी है। जून को होंगे। माना जा रहा है कि केंद्रीय चुनाव आयोग इन सीटों पर (निर्दलीय विधायकों के सीट पर) भी लोकसभा चुनाव के साथ पहली जून को उपचुनाव करवाएगा। इस तरह नौ सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के नतीजों पर कांग्रेस की सुक्खू सरकार का भविष्य टिका है। उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अग्निपरीक्षा होगी। नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के परिणाम विधानसभा का समीकरण बदल सकते हैं। विधानसभा की 68 सीटों में कांग्रेस के पास 34 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं। जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होगा, अगर वो मोदी लहर में भाजपा जीतती है तो भाजपा के विधायकों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी और वो मजबूत स्थिति में आ जाएगी। रोचक बात यह है कि विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 35 है। कांग्रेस महज एक जीत से इस आंकड़े को छू लेगी। हालांकि सभी नौ सीटें गंवाने पर विधानसभा में कांग्रेस सरकार पर तलवार लटकी रहेगी। इस उपचुनाव के नतीजे तय करेंगे कि सरकार पर खतरा बढ़ेगा या टलेगा। पिछले एक माह में राज्य में घटे सियासी घटनाक्रम पर नजर डालें तो वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले कांग्रेस कमजोर दिखाई दे रही है। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के सभी बड़े नेता गुटबाजी से इतर भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कवायद में एकजुट थे।



## गाजा के हालात पर ईरानी विदेश मंत्री और हमास नेता के बीच हुई फोन पर बात

**तेहरान, एजेंसी।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि दो दिन पहले गाजा में हुई घटनाओं पर ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और हमास नेता इस्माइल हनियेह ने फोन पर बातचीत की। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हनियेह ने शुक्रवार को गाजा में हुए घटनाक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके अलावा उन्होंने उत्तरी गाजा की मानवीय स्थिति को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तत्काल गाजा को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने की जरूरत है। इसके अलावा तटीय क्षेत्र में इजराइल की वजह से पैदा हुई भुखमरी से निपटने के लिय बाकायदा नीति तैयार करनी होगी। हमास नेता ने युद्धविराम पर पहुंचने और बंदियों की अदला-बदली के लिए हमास की शर्तों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह फ़िलिस्तीनियों की वैध मांग पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इज़राइल इस प्रक्रिया में बाधा डाल रहा है। अपनी ओर से अमीर-अब्दुल्लाहियन ने हमास नेता को फिलिस्तीनियों को ईरान का समर्थन और राजनयिक प्रयासों के बारे में जानकारी दी, जिसमें गाजा और फिलिस्तीन मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय बैठकों में देश की सक्रिय भागीदारी भी शामिल है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से फिलिस्तीनियों की लगातार हो रही हत्या पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाने की अपील की। गाजा में लगातार महिलाओं और बच्चों को मौत के घाट उतारा जा रहा है।

## श्रीलंका को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद देगा भारत



**कोलंबो, एजेंसी।** भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने गाजा में चार नागरिकों पर हुए हमले की जांच का आह्वान किया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस ड्रोन फुटेज की जांच का आह्वान किया है जिसमें गाजा में चार नागरिकों पर इजरायली हमले को दिखाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा, महासचिव उस वीडियो से बहुत परेशान हैं जिसमें कथित तौर पर गाजा में चार फिलिस्तीनियों को इजरायली हवाई हमलों में मारा गया था। निहत्थे चलते नागरिकों को निशाना बनाया गया था। फरहान हक ने कहा, एंटोनियो गुटेरेस ने इन घटनाओं की गहन, स्वतंत्र और विश्वसनीय जांच का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि युद्ध के सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट से मिले वीडियो में देखा गया कि चार लोग निहत्थे रोड पर चल रहे थे। एक इजरायली ड्रोन ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें दो लोग मौके पर मौत हो गई। वहीं एक जिंदा बचे व्यक्ति को भागने का प्रयास करते देखा गया। दूसरे हमले में वह भी मारा गया। जबकि, दूसरे अन्य व्यक्ति को रोड पर लड़खड़ाते हुए देखा गया, उस पर एक और मिसाइल हमला हुआ जिसमें उसकी भी मौत हो गई।

## जाफना के किसानों को राष्ट्रपति विक्रमसिंघे का तोहफा, खेती के लिए मिली 234 एकड़ जमीन

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के तमिल बहुल क्षेत्र जाफना के किसानों को लंबे समय के बाद बड़ी राहत मिली है। राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने शुक्रवार को जाफना के किसानों के लिए 234 एकड़ जमीन जारी कर दी है। यह जमीन पहले जाफना सुरक्षा बल मुख्यालय के पास थी।

यह जमीन जाफना के पांच ग्राम नीलाधारी डिविजन में किसानों को खेती के लिए जारी की गई है। दरअसल श्रीलंका में उरुमाया नाम का राष्ट्रीय कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत योग्य किसानों को खेती के लिए मुफ्त में जमीन का मालिकाना हक (फ्री होल्ड डीड) दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार करीब 20 लाख लोगों मालिकाना हक वितरित किया जाएगा। उरुमाया कार्यक्रम के तहत ही जाफना के ओडकापुलम में एक समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में 408 लोगों को प्रतीकात्मक रूप से मुफ्त में जमीन का मालिकाना हक दिया गया।

## नेपाल में निवेश बढ़ाने के लिए लुंबिनी कॉनक्लेव का आयोजन



**लुंबिनी, एजेंसी।**
नेपाल के लुंबिनी में 21 और 22 मार्च को वैश्विक शांति और समृद्धि पर आधारित लुंबिनी कॉनक्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉनक्लेव में भारत और नेपाल में तैनात विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कॉन्क्लेव का आयोजन नेपाल में निवेश को बढ़ाने और पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए किया गया।

नेपाल में निवेश पर जोर

नेपाल के विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने बताया कि नेपाल में निवेश के लिए बेहतर माहौल तैयार करना है और सरकार इसके लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर फोकस करेगी। इसके लिए नेपाल निवेश बोर्ड द्वारा कॉनक्लेव में अपनी प्रस्तुति दी गई। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए हम अलग अलग देशों के राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि हमने अगले महीने होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए सरकारी प्रतिनिधियों, कंपनियों और निजी निवेशकों को नेपाल में निवेश के लिए आमंत्रित किया है।

'लुंबिनी के धार्मिक महत्व को उजागर करना था'

विदेश मंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने आगे कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन दुनिया में बौद्ध धर्म को मानने वाले करीब एक अरब लोगों को लुंबिनी से जोड़ने के लिए किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य लुंबिनी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को उजागर करना था।

19 देशों के राजदूतों ने लिया हिस्सा

भारत में नेपाल के राजदूत शंकर शर्मा ने कहा कि बुद्ध की जन्मस्थली में इस सम्मेलन का आयोजन विश्व में समृद्धि और शांति के लिए किया गया। यूक्रेन, सूडान, गाजा और कई देशों के बीच चल रहे आंतरिक और बाहरी युद्धों को देखते हुए यह विषय चुना गया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में 19 देशों के राजदूतों ने भाग लिया। भागीदारी के आपसी सहयोग के दृष्टिकोण से यह आयोजन सफल रहा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129